Main Test Booklet No.
मुख्य परीक्षा पुस्तिका संख्या

This Booklet contains **64** printed pages.
इस पुस्तिका में **64** मुद्रित पृष्ठ हैं ।

# MAK-23-II

**PAPER II / प्रश्न-पत्र II**

**MAIN TEST BOOKLET / मुख्य परीक्षा पुस्तिका**

**Main Test Booklet Code**
**मुख्य परीक्षा पुस्तिका कोड**

# E

**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**
**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए ।**
**Read carefully the Instructions on the Back Cover of this Test Booklet.**
**इस परीक्षा पुस्तिका के पिछले आवरण पर दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें ।**

## *INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES*

1. The OMR Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars on **Side-1** and **Side-2** carefully with **blue / black** ball point pen only.
2. The test is of **2½ hours** duration and consists of **150** questions. There is no negative marking.
3. Use **Blue / Black Ball Point Pen only** for writing particulars on this page / marking responses in the Answer Sheet.
4. The CODE for this Booklet is **E**. Make sure that the CODE printed on **Side-2** of the Answer Sheet is the same as that on this Booklet. Also ensure that your Test Booklet No. and Answer Sheet No. are the same. In case of discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Test Booklet and the Answer Sheet.
5. This Test Booklet has **five** Parts, I, II, III, IV and V, consisting of **150** Objective Type Questions and each carries 1 mark :

   Part I : Child Development and Pedagogy *(Q. Nos. 1 – 30)*
   Part II : Mathematics and Science *(Q. Nos. 31 – 90)*
   Part III : Social Studies / Social Science *(Q. Nos. 31 – 90)*
   Part IV : Language I – (English/Hindi) *(Q. Nos. 91 – 120)*
   Part V : Language II – (English/Hindi) *(Q. Nos. 121 – 150)*
6. Candidates have to do questions 31 to 90 **EITHER** from Part II (Mathematics and Science) **OR** from Part III (Social Studies / Social Science) as filled by the candidates in their online application form.
7. Part IV contains 30 questions for Language I and Part V contains 30 questions for Language II. In this Test Booklet, only questions pertaining to English and Hindi language have been given. **In case the language(s) you have opted for as Language I and/or Language II is a language other than English or Hindi, please ask for a Supplement (Language) Test Booklet of E Code that contains questions on that language. The languages being answered must tally with the languages opted for in your Application Form. No change in languages is allowed.**
8. **Candidates are required to attempt questions in Language II (Part V) in a language other than the one chosen as Language I (Part IV) from the list of languages.**
9. Rough work should be done only in the space provided in the Test Booklet for the same.
10. The answers are to be recorded on the OMR Answer Sheet only. Mark your responses carefully. No whitener is allowed for changing answers.
11. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions of questions/answers, English version will be taken as final.

## *परीक्षार्थियों के लिए निर्देश*

1. OMR उत्तर पत्र इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर पत्र निकाल कर **पृष्ठ-1** एवं **पृष्ठ-2** पर ध्यान से केवल **नीले / काले** बॉल पॉइंट पेन से विवरण भरें ।
2. परीक्षा की अवधि **2½ घंटे** है एवं परीक्षा में **150** प्रश्न हैं । कोई ऋणात्मक अंकन नहीं है ।
3. इस पृष्ठ पर विवरण अंकित करने एवं उत्तर पत्र पर निशान लगाने के लिए **केवल नीले / काले बॉल पॉइंट पेन** का प्रयोग करें ।
4. इस पुस्तिका का **कोड E** है । यह सुनिश्चित कर लें कि इस पुस्तिका का कोड, उत्तर पत्र के **पृष्ठ-2** पर छपे कोड से मिलता है । यह भी सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा पुस्तिका संख्या और उत्तर पत्र संख्या मिलते हैं । अगर यह भिन्न हों तो परीक्षार्थी दूसरी परीक्षा पुस्तिका और उत्तर पत्र लेने के लिए निरीक्षक को तुरन्त अवगत कराएँ ।
5. इस परीक्षा पुस्तिका में **पाँच** भाग I, II, III, IV और V हैं, जिनमें **150** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, तथा प्रत्येक 1 अंक का है :

   भाग I : बाल विकास व शिक्षाशास्त्र *(प्रश्न सं. 1 – 30)*
   भाग II : गणित व विज्ञान *(प्रश्न सं. 31 – 90)*
   भाग III : सामाजिक अध्ययन / सामाजिक विज्ञान *(प्रश्न सं. 31 –90)*
   भाग IV : भाषा I – (अंग्रेज़ी / हिन्दी) *(प्रश्न सं. 91 – 120)*
   भाग V : भाषा II – (अंग्रेज़ी / हिन्दी) *(प्रश्न सं. 121 – 150)*
6. परीक्षार्थियों को प्रश्न 31 से 90 **या** तो भाग II (गणित व विज्ञान) **या** भाग III (सामाजिक अध्ययन/सामाजिक विज्ञान) से करने हैं जैसा कि परीक्षार्थियों ने अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र में भरा है ।
7. भाग IV में भाषा I के लिए 30 प्रश्न और भाग V में भाषा II के लिए 30 प्रश्न दिए गए हैं । इस परीक्षा पुस्तिका में केवल अंग्रेज़ी व हिन्दी भाषा से सम्बन्धित प्रश्न दिए गए हैं । **यदि भाषा I और/या भाषा II में आपके द्वारा चुनी गई भाषा(एँ) अंग्रेज़ी या हिन्दी के अलावा है/हैं, तो कृपया E कोड वाली उस भाषा वाली परिशिष्ट (भाषा) परीक्षा पुस्तिका माँग लीजिए । जिन भाषाओं के प्रश्नों के उत्तर आप दे रहे हैं वह आवेदन पत्र में चुनी गई भाषाओं से अवश्य मेल खानी चाहिए । भाषाओं का परिवर्तन अनुमन्य नहीं है ।**
8. **परीक्षार्थी भाषा II (भाग V) के लिए, भाषा सूची से ऐसी भाषा चुनें जो उनके द्वारा भाषा I (भाग IV) में चुनी गई भाषा से भिन्न हो ।**
9. रफ कार्य परीक्षा पुस्तिका में इस प्रयोजन के लिए दी गई खाली जगह पर ही करें ।
10. सभी उत्तर केवल OMR उत्तर पत्र पर ही अंकित करें । अपने उत्तर ध्यानपूर्वक अंकित करें । उत्तर बदलने हेतु श्वेत रंजक का प्रयोग निषिद्ध है ।
11. यदि अंग्रेज़ी और हिन्दी संस्करण के प्रश्नों/उत्तरों में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेज़ी संस्करण अंतिम माना जाएगा ।

Name of the Candidate (in Capital Letters) : ____________________
परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में) :
Roll Number (अनुक्रमांक) : in figures (अंकों में) ____________________
: in words (शब्दों में) ____________________
Centre of Examination (in Capital Letters) : ____________________
परीक्षा केन्द्र (बड़े अक्षरों में) :
Candidate's Signature : ____________________ Invigilator's Signature : ____________________
परीक्षार्थी के हस्ताक्षर : निरीक्षक के हस्ताक्षर :
Facsimile signature stamp of Centre Superintendent ____________________

## PART I / भाग I

## CHILD DEVELOPMENT AND PEDAGOGY / बाल विकास व शिक्षाशास्त्र

***Directions :*** *Answer the following questions by selecting the* ***correct/most appropriate*** *option.*

**1.** Which of the following questions promotes critical and creative thinking in children ?
(1) Which can be the best way to save water and why ?
(2) Where does water come from in your city ?
(3) How many states and how many capitals are there in your country ?
(4) What is the name of your country and its geographical location on the map ?

**2.** What is the role of evidence in critical thinking ?
(1) Evidence should be evaluated in a logical and systematic way.
(2) Evidence should be accepted without analysis.
(3) Evidence is irrelevant to critical thinking.
(4) Evidence should be ignored in favour of personal opinion.

**3.** What does inclusive education entail ?
(1) Standard curriculum for all learners
(2) Segregation and categorisation of students on the basis of their abilities
(3) Provisioning of only vocational education to learners with special needs
(4) Flexibility in the curriculum as a result of recognition of individual differences

**4.** Read the following statements and choose the correct option :
*Assertion (A) :*
Jean Piaget and Lev Vygotsky differ in their perspective on the influence of language on cognitive development in children.
*Reason (R) :*
In discovery learning, teacher provides opportunities and students derive information for themselves.
(1) (A) is true, but (R) is false.
(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).
(3) Both (A) and (R) are false.
(4) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सही/सबसे उचित*** *विकल्प चुनिए ।*

**1.** निम्नलिखित में से कौन-सा प्रश्न बच्चों के समालोचनात्मक व रचनात्मक चिंतन को बढ़ावा देता है ?
(1) पानी के बचाव के लिए सबसे अच्छा तरीका कौन-सा हो सकता है और क्यों ?
(2) आपके शहर में पानी कहाँ से आता है ?
(3) आपके देश में कुल कितने राज्य और कितनी राजधानियाँ हैं ?
(4) आपके देश का नाम व मानचित्र पर इसकी भौगोलिक स्थिति क्या है ?

**2.** समालोचनात्मक चिंतन में प्रमाण की क्या भूमिका होती है ?
(1) प्रमाण का तार्किक और सुनियोजित रूप से मूल्यांकन किया जाना चाहिए ।
(2) प्रमाण को बिना विश्लेषण के स्वीकार किया जाना चाहिए ।
(3) समालोचनात्मक चिंतन के लिए प्रमाण अप्रासंगिक होता है ।
(4) व्यक्तिगत राय के पक्ष में प्रमाण की उपेक्षा की जानी चाहिए ।

**3.** समावेशी शिक्षा में क्या शामिल है ?
(1) सभी शिक्षार्थियों के लिए मानक पाठ्यचर्या
(2) विद्यार्थियों का उनकी योग्यताओं के आधार पर पृथक्करण व वर्गीकरण करना
(3) विशेष आवश्यकता वाले शिक्षार्थियों को केवल व्यावसायिक शिक्षा का प्रावधान
(4) व्यक्तिगत अंतरों की पहचान के परिणामस्वरूप पाठ्यचर्या में लचीलापन

**4.** निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए :
*अभिकथन (A) :*
बच्चों में संज्ञानात्मक विकास पर भाषा के प्रभाव पर जीन पियाज़े और लेव वायगोत्स्की के दृष्टिकोण में भिन्नता है ।
*कारण (R) :*
खोज अधिगम में, शिक्षक अवसर प्रदान करता है और विद्यार्थी स्वयं जानकारी प्राप्त करने के लिए उन्मुख होते हैं ।
(1) (A) सही है, परन्तु (R) ग़लत है ।
(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है ।
(3) (A) और (R) दोनों ग़लत हैं ।
(4) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।

5. Which of the following set correctly mentions the characteristics on which students who are gifted typically differ from other students in the class ?

A. Advanced depth of understanding
B. Fast pace of learning
C. Higher dependence on others for understanding
D. Rapid physical development

Choose the correct option :

(1) A, B and C
(2) B and C
(3) B, C and D
(4) A and B

6. Which of the following statements is correct in the context of hearing impairment ?

(1) Hearing impairment can affect a child's ability to communicate effectively.
(2) All children with hearing impairment need to use 'sign language' to communicate.
(3) Hearing impairment of a child can be reliably tested by making loud noises near the child.
(4) Hearing impairment is always due to a physical problem with the ear.

7. In the context of inclusion, curriculum learning expectations are the same in ______ , while in ________, they are different.

(1) enrichment; acceleration
(2) modification; accommodation
(3) acceleration; enrichment
(4) accommodation; modification

8. According to constructivist theorists, which of the following statements would ***not*** be correct ?

(1) Knowledge is subjective.
(2) Learners construct knowledge in their social and cultural context.
(3) Learners need to be extrinsically motivated to ensure effective learning.
(4) Knowledge is pluralistic and multiple.

5. निम्नलिखित में से कौन-सा समूह उन विशिष्टताओं का सही ढंग से उल्लेख करता है जो प्रतिभाशाली विद्यार्थियों और कक्षा में अन्य विद्यार्थियों के बीच आमतौर पर भिन्न होते हैं ?

A. समझ की अग्रवर्ती गहनता
B. सीखने की तेज़ गति
C. समझ के लिए दूसरों पर अधिक निर्भरता
D. शारीरिक विकास की तेज़ गति

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) A, B और C
(2) B और C
(3) B, C और D
(4) A और B

6. श्रवण बाधिता के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(1) श्रवण बाधिता बच्चे के प्रभावी ढंग से संवाद करने की क्षमता को प्रभावित कर सकती है ।
(2) सभी श्रवण बाधिता वाले बच्चों को संवाद करने के लिए 'सांकेतिक भाषा/साइन लैंग्वेज' का उपयोग करने की आवश्यकता होती है ।
(3) बच्चे के पास तेज़ आवाज़ें करके बच्चे की सुनने की अक्षमता (श्रवण बाधिता) का विश्वसनीय तौर पर परीक्षण किया जा सकता है ।
(4) श्रवण बाधिता हमेशा कान की किसी शारीरिक समस्या के कारण होती है ।

7. समावेशन के संदर्भ में, पाठ्यचर्या सीखने की अपेक्षाएँ _______ में समान हैं, जबकि _______ में, वे भिन्न हैं ।

(1) संवर्धन; गतिवर्द्धन
(2) संशोधन; समायोजन
(3) गतिवर्द्धन; संवर्धन
(4) समायोजन; संशोधन

8. संरचनावादी सिद्धांतकारों के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** होगा ?

(1) ज्ञान व्यक्तिपरक है ।
(2) शिक्षार्थी अपने सामाजिक और सांस्कृतिक संदर्भ में ज्ञान की रचना करते हैं ।
(3) प्रभावी अधिगम सुनिश्चित करने के लिए शिक्षार्थियों को बाहरी रूप से प्रेरित करने की आवश्यकता है ।
(4) ज्ञान बहुलवादी और बहुविध है ।

**9.** Which of the following is an example of intrinsic motivation ?

(1) Completing the project to impress the teacher

(2) Playing a musical instrument for personal enjoyment

(3) Studying to avoid being scolded

(4) Participating in a competition for the prize money

**10.** Read the following statements and choose the correct option :

*Assertion (A) :*

Teachers should work hard to break down students' stereotypes of particular ethnic groups.

*Reason (R) :*

A key educational objective is to enable students to engage in critical self-reflection.

(1) (A) is true, but (R) is false.

(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(3) Both (A) and (R) are false.

(4) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

**11.** What is the difference between mastery goals and performance goals ?

(1) Mastery goals are focused on avoiding failure, while performance goals are focused on gaining approval and recognition from others.

(2) Mastery goals are focused on improving one's own skills and understanding of a task, while performance goals are focused on achieving a high grade or receiving external rewards.

(3) Mastery goals are focused on gaining approval from others, while performance goals are focused on avoiding failure.

(4) Mastery goals are focused on achieving a certain level of performance for competing with others, while performance goals are focused on improving one's own skills and understanding of a task.

**9.** निम्नलिखित में से कौन-सा आंतरिक अभिप्रेरणा का उदाहरण है ?

(1) शिक्षक को प्रभावित करने के लिए परियोजना को पूरा करना

(2) व्यक्तिगत आनंद के लिए एक वाद्य यंत्र बजाना

(3) डाँट से बचने के लिए पढ़ाई करना

(4) पुरस्कार राशि के लिए एक प्रतियोगिता में भाग लेना

**10.** निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए :

*अभिकथन (A) :*

शिक्षकों को विद्यार्थियों में विशेष जातीय समूहों के बारे में रूढ़िवादिता को तोड़ने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए ।

*कारण (R) :*

शिक्षा का एक प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों को समालोचनात्मक आत्म-चिंतन के लिए प्रोत्साहित करना है ।

(1) (A) सही है, परन्तु (R) ग़लत है।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(3) (A) और (R) दोनों ग़लत हैं।

(4) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

**11.** महारत (निपुणता) लक्ष्य और प्रदर्शन लक्ष्य में क्या अंतर है ?

(1) महारत लक्ष्य विफलता से बचने पर केंद्रित होते हैं, जबकि प्रदर्शन लक्ष्य दूसरों से अनुमोदन और मान्यता प्राप्त करने पर केंद्रित होते हैं ।

(2) महारत लक्ष्य अपने कौशल और कार्य की समझ में सुधार करने पर केंद्रित होते हैं, जबकि प्रदर्शन लक्ष्य उच्च ग्रेड प्राप्त करने या बाहरी पुरस्कार प्राप्त करने पर केंद्रित होते हैं ।

(3) महारत लक्ष्य दूसरों से अनुमोदन प्राप्त करने पर केंद्रित होते हैं, जबकि प्रदर्शन लक्ष्य विफलता से बचने पर केंद्रित होते हैं ।

(4) महारत लक्ष्य में दूसरों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक निश्चित स्तर के प्रदर्शन को प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है, जबकि प्रदर्शन लक्ष्य में खुद के कौशल और कार्य की समझ में सुधार करने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है ।

12. Sibling relationships :
(1) are different than relationships with parents and peers and play an important role in socialization throughout childhood.
(2) are similar to relationships with parents and peers and play an important role in socialization throughout childhood.
(3) play an important role only during early childhood.
(4) do not have much role in socialization.

13. Read the following statements and choose the correct option :
*Assertion (A) :*
Considerable variations exist in developmental rates among children.
*Reason (R) :*
Developmental differences are an inevitable result of complex interaction of genetic and experiential variations.
(1) (A) is true, but (R) is false.
(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).
(3) Both (A) and (R) are false.
(4) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

14. Which principle of development is illustrated in the following statement ?
"Children who are deprived of a conducive environment for learning language in their early years have some difficulty in picking language later in life."
(1) Development of language is totally dependent on genetics.
(2) Language and cognition are complexly interrelated.
(3) Development is disorderly and unpredictable.
(4) There is a sensitive period of language development.

12. भाई-बहन के रिश्ते/रिश्तों :
(1) माता-पिता और साथियों के साथ संबंधों से भिन्न होते हैं और बाल्यावस्था में समाजीकरण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ।
(2) माता-पिता और साथियों के साथ संबंधों के समान हैं और बाल्यावस्था में समाजीकरण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ।
(3) केवल प्रारंभिक बाल्यावस्था में ही महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ।
(4) की समाजीकरण में अधिक भूमिका नहीं है ।

13. निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए :
*अभिकथन (A) :*
बच्चों के बीच विकासात्मक दरों में काफी भिन्नताएँ मौजूद होती हैं ।
*कारण (R) :*
विकासात्मक अंतर, आनुवंशिक और अनुभवात्मक विविधताओं की जटिल अंत:क्रिया का एक अनिवार्य परिणाम हैं ।
(1) (A) सही है, परन्तु (R) ग़लत है।
(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।
(3) (A) और (R) दोनों ग़लत हैं।
(4) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

14. निम्नलिखित कथन में विकास के किस सिद्धांत को दर्शाया गया है ?
"जो बच्चे अपने शुरुआती वर्षों में भाषा सीखने के लिए अनुकूल वातावरण से वंचित रहते हैं, उन्हें बाद के जीवन में भाषा चुनने में थोड़ी कठिनाई होती है ।"
(1) भाषा का विकास पूरी तरह आनुवंशिकी पर निर्भर है ।
(2) भाषा और अनुभूति जटिल रूप से परस्पर संबंधित हैं ।
(3) विकास अव्यवस्थित और अप्रत्याशित होता है ।
(4) भाषा के विकास का एक संवेदनशील काल है ।

**15.** Students struggling with 'dyslexia' can be taught to read :

(1) by encouraging them to study in multiple distractions.

(2) by providing higher grade level reading texts.

(3) through use of strict punishment to ensure corrective reading.

(4) through systemic phonological training.

**16.** The underlying principle of 'understanding-based teaching' is the belief that :

(1) learners' abilities and needs are diverse which cannot be catered to without focusing on standard instructions.

(2) learners are passive recipients and the teacher has the 'right' knowledge.

(3) learners can construct knowledge when provided with a facilitative environment to do so.

(4) learners know little and teaching involves transmission of facts to students.

**17.** How can a teacher help Aman who is struggling with complex problems develop problem-solving skills ?

(1) Encourage him to brainstorm and generate ideas

(2) Tell him to give up on the problem

(3) Discourage him from experimenting and taking risks

(4) Provide him with the answers

**18.** A conducive classroom environment for learning in middle classes centres around ________.

(1) fear of punishment and embarrassment

(2) co-operative learning

(3) competitive ethos

(4) conditioning and reinforcement

**15.** वह विद्यार्थी जो 'पठन-वैकल्य' से जूझ रहे हैं, को पढ़ना सिखाया जा सकता है :

(1) उन्हें कई विकर्षणों में अध्ययन करने के लिए प्रोत्साहित करके ।

(2) उच्च ग्रेड स्तर के पठन ग्रंथ प्रदान करके ।

(3) सुधारात्मक पठन सुनिश्चित करने के लिए सख़्त दंड के उपयोग के माध्यम से ।

(4) प्रणालीगत ध्वन्यात्मक प्रशिक्षण के माध्यम से ।

**16.** 'बोध-आधारित शिक्षण' का अंतर्निहित सिद्धांत यह विश्वास है कि :

(1) शिक्षार्थियों की क्षमताएँ और आवश्यकताएँ विविध हैं जिन्हें मानक निर्देशों पर ध्यान केंद्रित किए बिना पूरा नहीं किया जा सकता है ।

(2) शिक्षार्थी निष्क्रिय प्राप्तकर्ता हैं और शिक्षक के पास 'सही' ज्ञान है ।

(3) ऐसा करने के लिए एक सुविधाजनक वातावरण प्रदान किए जाने पर शिक्षार्थी ज्ञान का निर्माण कर सकते हैं ।

(4) शिक्षार्थी कम जानते हैं और शिक्षण में विद्यार्थियों के लिए तथ्यों का प्रसारण शामिल है ।

**17.** जटिल समस्याओं से जूझ रहे अमन के समस्या-समाधान कौशल विकसित करने में एक शिक्षक किस प्रकार मदद कर सकता है ?

(1) उसे मंथन करने और विचार उत्पन्न करने के लिए प्रोत्साहित करके

(2) उससे कहकर कि वह समस्या को सुलझाना छोड़ दे

(3) उसे प्रयोग करने और जोखिम लेने से हतोत्साहित करके

(4) उसे उत्तर प्रदान करके

**18.** माध्यमिक कक्षाओं में अधिगम के लिए एक अनुकूल कक्षा का वातावरण ________ पर केंद्रित होता है ।

(1) सज़ा और शर्मिंदगी के डर

(2) सहकारी अधिगम

(3) प्रतिस्पर्धी लोकाचार

(4) अनुबंधन और पुनर्बलन

**19.** Lev Vygotsky believed that development :

(1) is discontinuous in nature.

(2) is an unfolding of genetic programming.

(3) results directly from maturation.

(4) results directly from social interaction.

**20.** According to Piaget, the four qualitatively different stages :

(1) vary vastly across the various cultures in the world.

(2) illustrate that children's minds are miniature adult minds.

(3) are dependent upon the genetic codes of the children.

(4) represent universal patterns of development of children.

**21.** Which of the following is a limitation of Piaget's theory of cognitive development ?

(1) It overemphasizes the role of language in cognitive development.

(2) It does not account for individual differences in cognitive development.

(3) It does not account for the role of biological factors in cognitive development.

(4) It does not account for the influence of culture and social factors on cognitive development.

**22.** Read the following statements and choose the correct option :

*Assertion (A) :*

Every year Lata, a Class VII teacher invites a female maths professor and a male nurse to her class to discuss careers in these fields.

*Reason (R) :*

Gender differences are innate and not acquired through society.

(1) (A) is true, but (R) is false.

(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(3) Both (A) and (R) are false.

(4) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

**19.** लेव वायगोत्स्की का मानना था कि विकास :

(1) प्रकृति में असंतत है ।

(2) आनुवंशिक प्रोग्रामिंग का खुलासा है ।

(3) सीधे परिपक्वता के परिणाम से होता है ।

(4) सीधे सामाजिक संपर्क के परिणाम से होता है ।

**20.** पियाज़े के अनुसार, गुणात्मक रूप से चार विभिन्न अवस्थाएँ :

(1) दुनिया की विभिन्न संस्कृतियों में व्यापक रूप से भिन्न होती हैं ।

(2) उदाहरण देकर समझाती हैं कि बच्चों का मन लघु वयस्क मन होता है ।

(3) बच्चों के जेनेटिक कोड पर निर्भर होती हैं ।

(4) बच्चों के विकास के सार्वभौमिक पैटर्नों का प्रतिनिधित्व करती हैं ।

**21.** निम्नलिखित में से कौन-सी पियाज़े के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत की सीमा है ?

(1) वह संज्ञानात्मक विकास में भाषा की भूमिका पर अत्यधिक बल देता है ।

(2) वह संज्ञानात्मक विकास में व्यक्तिगत भिन्नताओं को ध्यान में नहीं रखता है ।

(3) वह संज्ञानात्मक विकास में जैविक कारकों की भूमिका को ध्यान में नहीं रखता है ।

(4) वह संज्ञानात्मक विकास पर संस्कृति और सामाजिक कारकों के प्रभाव को ध्यान में नहीं रखता है ।

**22.** निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए :

*अभिकथन (A) :*

प्रत्येक वर्ष लता, जो कि कक्षा VII की शिक्षिका है, उनके क्षेत्रों में कैरियर पर चर्चा करने के लिए एक महिला गणित प्रोफ़ेसर और एक पुरुष नर्स को अपनी कक्षा में आमंत्रित करती है ।

*कारण (R) :*

लैंगिक (जेंडर) अंतर जन्मजात हैं और समाज के माध्यम से अधिग्रहित नहीं हैं ।

(1) (A) सही है, परन्तु (R) ग़लत है।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(3) (A) और (R) दोनों ग़लत हैं।

(4) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

**23.** In a progressive classroom, the students :
A. do not ask many questions.
B. ask questions to the teacher.
C. ask questions to each other.
D. ask themselves questions.
Choose the correct option :
(1) B and D
(2) B and C
(3) B, C and D
(4) A

**24.** Expectations associated with being male or female are referred to as _________ and these are learned __________ .
(1) gender roles; throughout childhood and into adulthood
(2) gender constancy; initially during adolescence
(3) gender stereotypes; only during middle childhood
(4) gender bias; mainly during early childhood

**25.** Which of the following views about intelligence supports the respectful consideration of diversity among learners ?
(1) Intelligence is not influenced by environmental factors.
(2) Intelligence is not influenced by genetic factors.
(3) IQ tests are the only measure of intelligence.
(4) Intelligence is multidimensional and can change over time.

**26.** Who among the following critiqued the concept of 'general' intelligence and proposed an alternative theory of intelligence ?
(1) Jean Piaget
(2) Howard Gardner
(3) Lev Vygotsky
(4) Charles Spearman

**27.** Lawrence Kohlberg's theory has been critiqued by Carol Gilligan for :
(1) ignoring gender differences in moral reasoning.
(2) not applying quantitative methods of analysis.
(3) presenting a stage-theory of moral development.
(4) collecting data by means of real-life situations.

**23.** एक प्रगतिशील कक्षा में, विद्यार्थी :
A. अधिक प्रश्न नहीं पूछते हैं ।
B. शिक्षक से प्रश्न पूछते हैं ।
C. एक-दूसरे से प्रश्न पूछते हैं ।
D. स्वयं से प्रश्न पूछते हैं ।
सही विकल्प का चयन कीजिए :
(1) B और D
(2) B और C
(3) B, C और D
(4) A

**24.** पुल्लिंग या स्त्रीलिंग होने से जुड़ी अपेक्षाओं को ________ कहा जाता है और इन्हें _________ सीखा जाता है ।
(1) जेंडर भूमिकाएँ; बाल्यावस्था की सभी अवस्थाओं से लेकर वयस्कता में भी
(2) जेंडर स्थिरता; प्रारंभ में किशोरावस्था के दौरान
(3) जेंडर रूढ़िवादिता; केवल मध्य बाल्यावस्था के दौरान
(4) जेंडर पूर्वाग्रह; मुख्य रूप से प्रारंभिक बाल्यावस्था के दौरान

**25.** बुद्धि के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा दृष्टिकोण शिक्षार्थियों के बीच विविधता के सम्मानपूर्ण विचार का समर्थन करता है ?
(1) बुद्धि वातावरणीय कारकों से प्रभावित नहीं होती है ।
(2) बुद्धि आनुवंशिक कारकों से प्रभावित नहीं होती है ।
(3) बुद्धि को मापने के लिए बुद्धि-लब्धि परीक्षण ही एकमात्र साधन हैं ।
(4) बुद्धि बहुआयामी है और समय के साथ बदल सकती है ।

**26.** निम्नलिखित में से किसने 'सामान्य' बुद्धि की अवधारणा की आलोचना की और बुद्धि का एक वैकल्पिक सिद्धांत प्रस्तावित किया ?
(1) जीन पियाज़े
(2) हॉवर्ड गार्डनर
(3) लेव वायगोत्स्की
(4) चार्ल्स स्पीयरमैन

**27.** लॉरेंस कोह्लबर्ग के सिद्धांत की आलोचना कैरल गिलिगन द्वारा :
(1) नैतिक तर्क में लैंगिक भिन्नताओं की उपेक्षा करने के लिए की गई है ।
(2) विश्लेषण के मात्रात्मक तरीकों को लागू नहीं करने के लिए की गई है ।
(3) नैतिक विकास का एक चरण-सिद्धांत प्रस्तुत करने के लिए की गई है ।
(4) वास्तविक-जीवन की स्थितियों के माध्यम से तथ्यों को एकत्र करने के लिए की गई है ।

28. A teacher wants to help her students develop metacognitive skills. Which of the following strategies would be most effective ?

(1) Providing frequent grades and feedback to motivate students

(2) Encouraging students to reflect on their own learning and evaluate their progress

(3) Assigning texts to students to memorize and encouraging them to repeat information from the textbook

(4) Providing students with detailed and prescriptive instructions for all learning tasks

29. Read the following statements and choose the correct option :

*Assertion (A) :*

Teachers should ask students to identify their own examples and non-examples of the concept for strengthening the concept.

*Reason (R) :*

Thinking of examples leads to strengthening of the concept while non-examples tend to confuse the students.

(1) (A) is true, but (R) is false.

(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(3) Both (A) and (R) are false.

(4) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

30 General principles of learning suggest that students learn better if a teacher :

(1) first introduces the concept in its symbolic form and then moves to its physical form.

(2) first discusses what is not known to the student and then comes to what the student already knows.

(3) first introduces the concept overall and then moves on to the intricacies of it.

(4) first discusses the concepts in terms of logic and reason and then grants opportunity to verify the ideas.

28. एक शिक्षिका अपने विद्यार्थियों को अधिसंज्ञानात्मक कौशल विकसित करने में मदद करना चाहती है । निम्नलिखित में से कौन-सी रणनीति सबसे प्रभावी होगी ?

(1) विद्यार्थियों को अभिप्रेरित करने के लिए लगातार ग्रेड और प्रतिपुष्टि प्रदान करना

(2) विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना कि वे स्वयं अपने अधिगम पर चिंतन करें और अपनी प्रगति का मूल्यांकन करें

(3) विद्यार्थियों को याद करने के लिए पाठ सौंपना और उन्हें पाठ्यपुस्तक से जानकारी दोहराने के लिए प्रोत्साहित करना

(4) विद्यार्थियों को सभी सीखने के कार्यों के लिए विस्तृत और निर्देशात्मक निर्देश प्रदान करना

29. निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए :

*अभिकथन (A) :*

शिक्षकों को संकल्पना को मज़बूत करने के लिए विद्यार्थियों को अपने स्वयं के संकल्पना के उदाहरणों और ग़ैर-उदाहरणों की पहचान करने के लिए कहना चाहिए ।

*कारण (R) :*

उदाहरणों के बारे में सोचने से संकल्पना को मज़बूत किया जाता है जबकि ग़ैर-उदाहरण विद्यार्थियों को भ्रमित करते हैं ।

(1) (A) सही है, परन्तु (R) ग़लत है।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(3) (A) और (R) दोनों ग़लत हैं।

(4) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

30. अधिगम के सामान्य सिद्धांत बताते हैं कि विद्यार्थी बेहतर रूप से सीखते हैं यदि शिक्षक :

(1) पहले अवधारणा को उसके प्रतीकात्मक रूप में प्रस्तुत करें और फिर उसके भौतिक रूप पर आएँ ।

(2) पहले उस पर चर्चा करें जिसके बारे में विद्यार्थी को नहीं पता है और फिर उस पर आएँ जो विद्यार्थी पहले से जानते हैं ।

(3) पहले अवधारणा का संपूर्ण रूप से परिचय दें और फिर उसकी बारीकियों पर आएँ ।

(4) पहले तर्क और कारण के संदर्भ में अवधारणाओं पर चर्चा करें और फिर विचारों को सत्यापित करने का अवसर दें ।

***Candidates have to do questions 31 to 90 EITHER from Part II (Mathematics and Science) OR from Part III (Social Studies/ Social Science).***

***परीक्षार्थियों को प्रश्न 31 से 90 या तो भाग II (गणित व विज्ञान) या भाग III (सामाजिक अध्ययन/ सामाजिक विज्ञान) से करने हैं।***

## PART II / भाग II

## MATHEMATICS AND SCIENCE / गणित व विज्ञान

***Directions :*** *Answer the following questions by selecting the* ***correct/most appropriate*** *option.*

**31.** A teacher in her class discusses various examples from daily life situations like a railway line crossing several other lines, a road crossing two or more roads, alphabets like 'H', 'Z', etc.

Which of the following concept(s) can be introduced through these examples ?

A. Line segment

B. Transversal

C. Parallel lines

D. Right angles

Choose the correct option :

(1) B and C

(2) Only A

(3) A and D

(4) Only B

**32.** Which among the following is the most appropriate way to teach mathematics ?

(1) Find the gaps in learning and address them only

(2) Find the low performers and make them sit in the front row of the class

(3) Teach every student with the same approach

(4) Motivate the learners to develop their existing capabilities

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सही/ सबसे उपयुक्त*** *विकल्प चुनिए।*

**31.** एक शिक्षिका अपनी कक्षा में दैनिक जीवन की परिस्थितियों में से विभिन्न उदाहरणों की चर्चा करती है, जैसे कई अन्य पटरियों को पार करती हुए एक रेल पटरी, दो अथवा अधिक सड़कों को पार करती हुई एक सड़क, अंग्रेज़ी वर्णमाला जैसे 'H', 'Z', इत्यादि।

निम्नलिखित में से किस/किन अवधारणा/अवधारणाओं का परिचय इन उदाहरणों द्वारा दिया जा सकता है ?

A. रेखाखंड

B. तिर्यक छेदी रेखा

C. समांतर रेखाएँ

D. समकोण

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) B और C

(2) केवल A

(3) A और D

(4) केवल B

**32.** निम्नलिखित में से कौन-सा गणित शिक्षण का सर्वाधिक उपयुक्त तरीका है ?

(1) अधिगम में रह गई कमियों को ज्ञात कर केवल उन्हें ही संबोधित करना

(2) अल्प प्रदर्शन करने वालों की पहचान कर उन्हें कक्षा की अग्रिम पंक्ति में बैठाना

(3) एक जैसे उपागम द्वारा प्रत्येक विद्यार्थी को पढ़ाना

(4) अधिगमकर्ताओं को उनकी विद्यमान क्षमताओं को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करना

**33.** Which of the following is true for Continuous and Comprehensive Evaluation (CCE) ?

(1) In CCE, assessment process includes assessment of previous knowledge, understanding level and learning process.

(2) For CCE, teachers feel that each one of them has to give some home assignment every day to assess children's learning.

(3) CCE is all about converting marks into grades.

(4) In CCE, there is more testing and less teaching.

**34.** Which of the following is/are essential features of a concept map in mathematics ?

A. It represents a conceptual analysis of a concept using contributory sub-concepts.

B. They are directional, with arrows showing which concepts are prerequisite for which others.

C. They cannot be used for diagnostic purposes to identify difficulties in learning a particular concept.

D. They cannot be used frequently as they are very time consuming.

Choose the correct option :

(1) B and D

(2) Only C

(3) C and D

(4) A and B

**35.** Which of the following is ***not*** true about nature of mathematics ?

(1) Mathematics at school level requires special aptitude in learners.

(2) Primary concepts in mathematics are abstract in nature.

(3) Mathematics is based on deductive reasoning.

(4) Mathematics is much more abstract and hierarchic than most of the other subjects which children learn at the same age.

**33.** निरंतर और व्यापक मूल्यांकन (CCE) के लिए निम्नलिखित में से क्या सही है ?

(1) निरंतर और व्यापक मूल्यांकन में, आकलन प्रक्रिया में पूर्व ज्ञान, समझने के स्तर और अधिगम प्रक्रिया का आकलन सम्मिलित होना चाहिए ।

(2) निरंतर और व्यापक मूल्यांकन के लिए, शिक्षक महसूस करते हैं कि उनमें से हर एक को बच्चों के अधिगम का आकलन करने के लिए प्रतिदिन कुछ गृह-कार्य देना चाहिए ।

(3) निरंतर और व्यापक मूल्यांकन केवल अंकों को ग्रेड में परिवर्तित करने के बारे में है ।

(4) निरंतर और व्यापक मूल्यांकन में, जाँच/परीक्षण अधिक है और शिक्षण कम है ।

**34.** निम्नलिखित में से कौन-सी गणित में एक अवधारणा मानचित्र की आवश्यक विशेषता/एँ है/हैं ?

A. यह अंशदायी उप-अवधारणाओं का उपयोग करके एक अवधारणा के वैचारिक विश्लेषण को निरूपित करता है ।

B. ये संकेत चिह्नों के साथ दिशात्मक हैं और दर्शाते हैं कि कौन-सी अवधारणाएँ किसके लिए पूर्व-अपेक्षित हैं ।

C. एक विशिष्ट अवधारणा के सीखने में रह गई कमी को पहचानने के लिए इनका उपयोग नैदानिक प्रयोजनों के लिए नहीं किया जा सकता ।

D. इन्हें बारंबार उपयोग नहीं किया जा सकता क्योंकि यह बहुत समय व्यय करते हैं ।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) B और D

(2) केवल C

(3) C और D

(4) A और B

**35.** गणित की प्रकृति के बारे में निम्नलिखित में से क्या सही ***नहीं*** है ?

(1) स्कूली स्तर पर गणित में शिक्षार्थियों में विशिष्ट अभिवृत्ति आवश्यक होती है ।

(2) गणित में प्राथमिक अवधारणाएँ प्रकृति में अमूर्त होती हैं ।

(3) गणित निगमनात्मक विवेचन पर आधारित है ।

(4) गणित उन अधिकांश विषयों की तुलना में बहुत अधिक अमूर्त और पदानुक्रमित है जो बच्चे उसी उम्र में सीखते हैं ।

**36.** Which of the following statements are appropriate regarding "Argumentation" in a mathematics classroom ?

A. It can be understood as a line of reasoning that intends to show or explain why a mathematical result is true.

B. It is always helpful in mathematics in the same manner as in other empirical disciplines.

C. It can also be a part of the heuristic approach in mathematics education.

D. It is less useful for elementary grade students as its assessment will be difficult.

Choose the correct option :

(1) A and C
(2) B and C
(3) A and B
(4) A and D

**37.** Which of the following statements is ***not*** correct with regard to a mathematics textbook ?

(1) Examples in a mathematics textbook should be related to daily life of the students.
(2) A mathematics textbook should have solved examples only.
(3) A textbook of mathematics should not be very thick or heavy.
(4) A mathematics textbook should have varied exercises to give practice to students.

**38.** A conjecture in mathematics is :

(1) not important at all as it does not help in developing mathematical understanding.
(2) a proposition or conclusion that has been proved.
(3) important for students of secondary level only.
(4) a proposition or conclusion that is assumed to be true on a tentative basis without proof.

**36.** गणित की कक्षा में "तर्क-वितर्क" के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन उपयुक्त हैं ?

A. इसे तर्क की एक पंक्ति के रूप में समझा जा सकता है जो यह दिखाने या समझाने का इरादा रखता है कि गणितीय परिणाम सत्य क्यों है ।

B. यह अन्य अनुभवजन्य विषयों की तरह ही हमेशा गणित में मददगार होता है ।

C. यह गणित शिक्षा में स्वत:शोध दृष्टिकोण का भी एक हिस्सा हो सकता है ।

D. प्रारंभिक कक्षा के विद्यार्थियों के लिए यह कम उपयोगी है क्योंकि इसका मूल्यांकन कठिन होगा ।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) A और C
(2) B और C
(3) A और B
(4) A और D

**37.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गणित की पाठ्य-पुस्तक के संबंध में सही ***नहीं*** है ?

(1) गणित की पाठ्य-पुस्तक के उदाहरण विद्यार्थियों के दैनिक जीवन से सम्बन्धित होने चाहिए ।
(2) एक गणित की पाठ्य-पुस्तक में केवल हल किए हुए उदाहरण होने चाहिए ।
(3) गणित की पाठ्य-पुस्तक बहुत मोटी या भारी नहीं होनी चाहिए ।
(4) विद्यार्थियों को अभ्यास देने के लिए गणित की पाठ्य-पुस्तक में विभिन्न प्रश्नावलियाँ होनी चाहिए ।

**38.** गणित में एक कन्जेक्चर :

(1) बिल्कुल भी महत्त्वपूर्ण नहीं है क्योंकि यह गणितीय समझ विकसित करने में मदद नहीं करता है ।
(2) एक प्रतिज्ञप्ति या निष्कर्ष है जो सिद्ध हो चुका हो ।
(3) केवल माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए महत्त्वपूर्ण है ।
(4) एक प्रतिज्ञप्ति या निष्कर्ष है जो बिना प्रमाण के एक अस्थायी आधार पर सत्य माना जाता है ।

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

**39.** The statement "1 less than or 1 more than a multiple of 6 are prime numbers" is an example of :

(1) Generalisation

(2) Theorem

(3) Conjecture

(4) Axiom

**40.** A mathematics teacher posed the following problems to her students :

A. Simrat pays ₹ 60,000 as rent for three months. How much will she have to pay for a whole year if the rent per month remains same ?

B. Cost of three dozen bananas is ₹ 45. Calculate the number of bananas that can be purchased for ₹ 12·50.

C. Joey and Jenny are going to school. Joey started walking before Jenny. When Joey was at the third block, Jenny was at the first block. If both are walking with the same speed, then where would Jenny be if Joey is at the ninth block ?

Which of the following is correct with respect to the above three questions ?

(1) Only A is based on unitary method.

(2) B and C are daily life problems based on unitary method.

(3) A and C are daily life problems based on unitary method.

(4) A and B are daily life problems based on unitary method.

**39.** कथन : "6 के गुणज से 1 कम या 1 अधिक अभाज्य संख्याएँ हैं," एक __________ का उदाहरण है ।

(1) सामान्यीकरण

(2) प्रमेय

(3) कन्जेक्चर

(4) अभिगृहीत

**40.** गणित की एक शिक्षिका अपने विद्यार्थियों के समक्ष निम्नलिखित समस्याएँ रखती है :

A. सिमरत तीन महीने के किराये के रूप में ₹ 60,000 देती है । यदि हर महीने का किराया समान रहे तो पूरे वर्ष के लिए उसे कितना किराया देना होगा ?

B. तीन दर्जन केलों की कीमत ₹ 45 है । परिकलन कीजिए कि ₹ 12·50 में कितने केले खरीदे जा सकते हैं ।

C. जोई और जैनी स्कूल जा रहे हैं । जोई, जैनी से पहले चलना शुरू करता है । जब जोई तीसरे ब्लॉक पर था, तब जैनी पहले ब्लॉक पर थी । यदि दोनों की चलने की गति बराबर है, तो जब जोई नौवें ब्लॉक पर होगा तब जैनी कहाँ होगी ?

उपर्युक्त तीन प्रश्नों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(1) केवल A एकात्मक विधि पर आधारित है ।

(2) B और C एकात्मक विधि पर आधारित दैनिक जीवन की समस्याएँ हैं ।

(3) A और C एकात्मक विधि पर आधारित दैनिक जीवन की समस्याएँ हैं ।

(4) A और B एकात्मक विधि पर आधारित दैनिक जीवन की समस्याएँ हैं ।

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

**41.** The area of a rectangle whose sides are 176 cm and 56 cm is equal to the area of a circle. What is the circumference (in cm) of the circle ? (Take $\pi = \frac{22}{7}$)

(1) 396
(2) 352
(3) 440
(4) 308

**42.** The cost of painting the surface of a solid cuboid of dimensions 40 cm × 36 cm × x cm at ₹ 20 per 100 $cm^2$ is ₹ 1,032. What is the value of x ?

(1) 20
(2) 15
(3) 24
(4) 12

**43.** PQRS is a quadrilateral in which PQ = PS and RQ = RS. Which of the following statements is true about this quadrilateral ?

(1) Its diagonals are equal.
(2) Its diagonals are perpendicular to each other.
(3) Each diagonal bisects the angle at each vertex.
(4) Its diagonals bisect each other.

**44.** ABCD is a rhombus in which $\angle ADB = 25°$. Then, the value of $(2\angle BAD - \angle ABC)$ is :

(1) 230°
(2) 240°
(3) 210°
(4) 260°

**45.** What is the mean of the mode, median and range of the data given below ?

17, 8, 11, 13, 9, 14, 10, 11, 16, 23, 15, 7

(1) 13
(2) 12·5
(3) 13·5
(4) 12

**41.** किसी आयत का क्षेत्रफल, जिसकी भुजाएँ 176 cm और 56 cm हैं, एक वृत्त के क्षेत्रफल के बराबर है । वृत्त की परिधि (cm में) क्या है ? ($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)

(1) 396
(2) 352
(3) 440
(4) 308

**42.** विमाओं 40 cm × 36 cm × x cm वाले एक ठोस घनाभ के पृष्ठ को ₹ 20 प्रति 100 $cm^2$ की दर से पेंट कराने की लागत ₹ 1,032 है । x का मान क्या है ?

(1) 20
(2) 15
(3) 24
(4) 12

**43.** PQRS एक चतुर्भुज है, जिसमें PQ = PS और RQ = RS है । इस चतुर्भुज के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है ?

(1) इसके विकर्ण बराबर हैं ।
(2) इसके विकर्ण परस्पर लंब हैं ।
(3) प्रत्येक विकर्ण प्रत्येक शीर्ष पर कोण को समद्विभाजित करता है ।
(4) इसके विकर्ण परस्पर समद्विभाजित करते हैं ।

**44.** ABCD एक समचतुर्भुज है, जिसमें $\angle ADB = 25°$ है । तब, $(2\angle BAD - \angle ABC)$ का मान है :

(1) 230°
(2) 240°
(3) 210°
(4) 260°

**45.** नीचे दिए गए आँकड़ों के बहुलक, माध्यक और परिसर का माध्य क्या है ?

17, 8, 11, 13, 9, 14, 10, 11, 16, 23, 15, 7

(1) 13
(2) 12·5
(3) 13·5
(4) 12

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**46.** If $x = \sqrt{198} \times \sqrt{550}$ and $y = \sqrt[3]{99} \times \sqrt[3]{363}$, then $\frac{1}{x} + \frac{1}{y}$ is equal to :

(1) $0{\cdot}\overline{01}$
(2) $0{\cdot}0\overline{3}$
(3) $0{\cdot}\overline{33}$
(4) $0{\cdot}\overline{1}$

**47.** If $p = (12{\cdot}34 \times 10^{10}) - (5{\cdot}67 \times 10^{9})$, then p is expressed in standard form as :

(1) $1{\cdot}1773 \times 10^{11}$
(2) $1{\cdot}1773 \times 10^{10}$
(3) $1{\cdot}773 \times 10^{11}$
(4) $1{\cdot}773 \times 10^{10}$

**48.** By which number should $\left(-\frac{1}{4}\right)^{-1}$ be multiplied so that the product is the reciprocal of $\left(-\frac{7}{4}\right)^{-1}$ ?

(1) $\frac{7}{16}$
(2) $\frac{16}{7}$
(3) $-\frac{16}{7}$
(4) $-\frac{7}{16}$

**49.** If $313632 = p^2 \times q^5 \times r^4$, where p, q and r are prime numbers, then what is the value of $(p + q - 2r)$ ?

(1) 8
(2) 7
(3) 9
(4) 6

**46.** यदि $x = \sqrt{198} \times \sqrt{550}$ और $y = \sqrt[3]{99} \times \sqrt[3]{363}$ है, तो $\frac{1}{x} + \frac{1}{y}$ बराबर है :

(1) $0{\cdot}\overline{01}$
(2) $0{\cdot}0\overline{3}$
(3) $0{\cdot}\overline{33}$
(4) $0{\cdot}\overline{1}$

**47.** यदि $p = (12{\cdot}34 \times 10^{10}) - (5{\cdot}67 \times 10^{9})$ है, तो p को मानक रूप में निम्न द्वारा व्यक्त किया जाता है :

(1) $1{\cdot}1773 \times 10^{11}$
(2) $1{\cdot}1773 \times 10^{10}$
(3) $1{\cdot}773 \times 10^{11}$
(4) $1{\cdot}773 \times 10^{10}$

**48.** किस संख्या से $\left(-\frac{1}{4}\right)^{-1}$ को गुणा किया जाए ताकि गुणनफल $\left(-\frac{7}{4}\right)^{-1}$ का व्युत्क्रम हो ?

(1) $\frac{7}{16}$
(2) $\frac{16}{7}$
(3) $-\frac{16}{7}$
(4) $-\frac{7}{16}$

**49.** यदि $313632 = p^2 \times q^5 \times r^4$ है, जहाँ p, q तथा r अभाज्य संख्याएँ हैं, तो $(p + q - 2r)$ का मान क्या है ?

(1) 8
(2) 7
(3) 9
(4) 6

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

**50.** Marks obtained by Sunita in her pre-board examination are as follows :

| *Subject* | *Marks* |
|---|---|
| English | 72 |
| Hindi | 84 |
| Mathematics | 96 |
| Science | 80 |
| Social Science | 68 |

If a pie chart is constructed for the above data, then what will be the angle of the sector representing marks obtained by Sunita in Mathematics ?

(1) 75·6°

(2) 72°

(3) 86·4°

(4) 64·8°

**50.** सुनीता द्वारा प्री-बोर्ड परीक्षा में प्राप्तांक नीचे दिए गए हैं :

| *विषय* | *अंक* |
|---|---|
| अंग्रेज़ी | 72 |
| हिंदी | 84 |
| गणित | 96 |
| विज्ञान | 80 |
| सामाजिक विज्ञान | 68 |

यदि उपर्युक्त आँकड़ों का एक पाई चार्ट बनाया जाता है, तो सुनीता द्वारा गणित में प्राप्त अंकों को दर्शाने वाले त्रिज्यखंड का कोण कितना होगा ?

(1) 75·6°

(2) 72°

(3) 86·4°

(4) 64·8°

**51.** The volume of a right circular cylinder of length 1·2 metres is 4620 $cm^3$. What is the curved surface area (in $cm^2$) of the cylinder ? (Take $\pi = \frac{22}{7}$)

(1) 2640

(2) 2200

(3) 2860

(4) 1980

**51.** किसी लंब-वृत्तीय बेलन की लंबाई 1·2 मीटर है और इसका आयतन 4620 $cm^3$ है । बेलन का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल ($cm^2$ में) क्या है ? ($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)

(1) 2640

(2) 2200

(3) 2860

(4) 1980

**52.** If F, V and E are respectively the number of faces, vertices and edges of a triangular prism, then which of the following statements is true ?

(1) $4F + 2V - 3E = 6$

(2) $2F + 3V - 2E = 10$

(3) $2F + 4V - 3E = 8$

(4) $3F + 2V - 2E = 11$

**52.** यदि F, V और E क्रमश: किसी त्रिभुजाकार प्रिज़्म के फलकों, शीर्षों और किनारों की संख्याएँ हैं, तो निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है ?

(1) $4F + 2V - 3E = 6$

(2) $2F + 3V - 2E = 10$

(3) $2F + 4V - 3E = 8$

(4) $3F + 2V - 2E = 11$

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

**53.** P is a point on line AB and PQ is a ray such that ∠ QPA = 7x and ∠ QPB = 5x. Then, the value of (8x – 10°) is :

(1) 118°

(2) 110°

(3) 140°

(4) 102°

**54.** S is a point on side PQ of a triangle PQR such that RS = PS = QS. If ∠ QPR = 15°, then the value of (2 ∠ PQR – ∠ PRQ) is :

(1) 50°

(2) 60°

(3) 45°

(4) 75°

**55.** When a shopkeeper sells item A for ₹ 384, then there is a loss of 20% and when he sells item B for ₹ 400, then there is a profit of 25%. What is the profit/loss percent, if he sells both items for a total of ₹ 852 ?

(1) Profit, 6·5%

(2) Loss, 5%

(3) Loss, 7%

(4) Profit, 7·5%

**56.** A sum of ₹ 12,000 amounts to ₹ 15,972 at a certain rate percent per annum in $1\frac{1}{2}$ years, when the interest is compounded half-yearly. What will be the amount of the same sum in same time and with the same rate, if interest is compounded annually ?

(1) ₹ 15,840

(2) ₹ 15,420

(3) ₹ 15,950

(4) ₹ 14,520

**53.** रेखा AB पर एक बिंदु P स्थित है तथा PQ एक किरण इस प्रकार है कि ∠ QPA = 7x और ∠ QPB = 5x है । तब, (8x – 10°) का मान है :

(1) 118°

(2) 110°

(3) 140°

(4) 102°

**54.** किसी त्रिभुज PQR की भुजा PQ पर S एक बिंदु इस प्रकार स्थित है कि RS = PS = QS है । यदि ∠ QPR = 15° है, तो (2 ∠ PQR – ∠ PRQ) का मान है :

(1) 50°

(2) 60°

(3) 45°

(4) 75°

**55.** जब एक दुकानदार वस्तु A को ₹ 384 पर बेचता है, तो उसे 20% की हानि होती है और जब वह वस्तु B को ₹ 400 पर बेचता है, तो उसे 25% का लाभ प्राप्त होता है । यदि वह दोनों वस्तुओं को कुल मिलाकर ₹ 852 पर बेचे, तो उसका लाभ/हानि प्रतिशत क्या होगा ?

(1) लाभ, 6·5%

(2) हानि, 5%

(3) हानि, 7%

(4) लाभ, 7·5%

**56.** ₹ 12,000 की एक राशि किसी निश्चित प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर $1\frac{1}{2}$ वर्ष में ₹ 15,972 हो जाती है, जब ब्याज अर्धवार्षिक संयोजित होता है । वही राशि उतने ही समय में उसी ब्याज दर से कितनी हो जाएगी, यदि ब्याज वार्षिक संयोजित होता है ?

(1) ₹ 15,840

(2) ₹ 15,420

(3) ₹ 15,950

(4) ₹ 14,520

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

**57.** If $5x^2 - 8y - 20x + 2xy = (x + a)(bx + 2y)$, then the value of $(a - b)$ is :

(1) 9
(2) −1
(3) − 9
(4) 1

**58.** If $A = x^2(1 - 3y^2)$, $B = x(xy^2 - 2x)$ and $C = 3y(y - 4x^2y)$, then $A + B - C = px^2 + qx^2y^2 + ry^2$. What is the value of $(5p + q - r)$ ?

(1) 12
(2) 10
(3) 18
(4) 8

**59.** Which of the following are divisible by 2, 3 and 11 ?

A. 8448
B. 9812
C. 9126
D. 9636

Choose the correct option :

(1) A and B
(2) B and D
(3) A and D
(4) A and C

**60.** The solution of the equation $\frac{(x+1)-(2x+4)}{3-5x} = \frac{1}{23}$ is also the solution of the equation :

(1) $5(2x + 1) = 3(x + 1)$
(2) $3(2x + 3) = 2(x + 3)$
(3) $3(2x + 3) = 5(x + 1)$
(4) $2(2x - 3) = 3(x + 1)$

**57.** यदि $5x^2 - 8y - 20x + 2xy = (x + a)(bx + 2y)$ है, तो $(a - b)$ का मान है :

(1) 9
(2) −1
(3) − 9
(4) 1

**58.** यदि $A = x^2(1 - 3y^2)$, $B = x(xy^2 - 2x)$ और $C = 3y(y - 4x^2y)$ है, तो $A + B - C = px^2 + qx^2y^2 + ry^2$ है ।
$(5p + q - r)$ का मान क्या है ?

(1) 12
(2) 10
(3) 18
(4) 8

**59.** निम्नलिखित में से कौन-से 2, 3 और 11 से विभाज्य हैं ?

A. 8448
B. 9812
C. 9126
D. 9636

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) A और B
(2) B और D
(3) A और D
(4) A और C

**60.** समीकरण $\frac{(x+1)-(2x+4)}{3-5x} = \frac{1}{23}$ का हल, निम्न समीकरण का भी हल है :

(1) $5(2x + 1) = 3(x + 1)$
(2) $3(2x + 3) = 2(x + 3)$
(3) $3(2x + 3) = 5(x + 1)$
(4) $2(2x - 3) = 3(x + 1)$

61. Read the statements given below and choose the correct option :

*Assertion (A) :*
Stomach produces hydrochloric acid that helps in breakdown of food.

*Reason (R) :*
Digestive juices need an acidic medium to act.

(1) (A) is true, but (R) is false.
(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).
(3) (A) is false, but (R) is true.
(4) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

62. What does the term 'nitrogen fixation' mean ?
(1) Conversion of nitrogen compounds into gaseous nitrogen
(2) Conversion of ammonia into nitrates by the bacteria present in soil
(3) Release of nitrogen present in dead organic matter back into soil
(4) Conversion of atmospheric nitrogen to a more usable form for living organisms

63. At which of the following positions does a spring have the least potential energy ?
(1) The spring is neither compressed nor pulled out and is lying on the ground.
(2) The spring is compressed to the minimum and is lying on the ground.
(3) The spring is compressed to the minimum and is placed at a height.
(4) The spring is pulled out to the maximum and is placed at a height.

64. Identify the set comprising cold blooded organisms.
(1) Lizard, Parrot, Dolphin
(2) Pigeon, Humans, Lizard
(3) Snake, Frog, Cockroach
(4) Whale, Frog, Earthworm

65. Which of the following pairs of units are used for measuring the same physical quantity ?
(1) $kg\ m/s^2$, Nm
(2) $kg\ m^2/s^2$, Ws
(3) $kg\ m/s^2$, Ws
(4) $kg\ m^2/s^2$, J/s

61. निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए :

*अभिकथन (A) :*
आमाशय हाइड्रोक्लोरिक अम्ल उत्पन्न करता है जो भोजन के भंजन में सहायता करता है ।

*तर्क (R) :*
पाचक रसों को क्रिया करने के लिए अम्लीय माध्यम की आवश्यकता होती है ।

(1) (A) सही है, परन्तु (R) ग़लत है ।
(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है ।
(3) (A) ग़लत है, परन्तु (R) सही है ।
(4) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।

62. 'नाइट्रोजन यौगिकीकरण' शब्द का क्या अर्थ है ?
(1) नाइट्रोजन यौगिकों का गैसीय नाइट्रोजन में रूपांतरण
(2) मृदा में उपस्थित (विद्यमान) जीवाणुओं द्वारा अमोनिया का नाइट्रेट में रूपांतरण
(3) मृत जैव पदार्थ में उपस्थित (विद्यमान) नाइट्रोजन का वापस मृदा में अभिमुक्त करना (वापस छोड़ना)
(4) जीवित प्राणियों के लिए अधिक प्रयोगलायक (प्रयोज्य) रूप हेतु वायुमंडलीय नाइट्रोजन का रूपांतरण

63. निम्नलिखित में से किस अवस्थिति में स्प्रिंग में न्यूनतम (कम-से-कम) स्थितिज ऊर्जा होती है ?
(1) स्प्रिंग को न तो संपीडित किया गया है और न ही खींचा गया है तथा वह भूमि पर पड़ा हुआ है ।
(2) स्प्रिंग को न्यूनतम तक संपीडित किया (दबाया) जाता है तथा वह भूमि पर पड़ा हुआ है ।
(3) स्प्रिंग को न्यूनतम तक संपीडित किया जाता है तथा वह ऊँचाई पर रखा गया है ।
(4) स्प्रिंग को अधिकतम तक खींचा जाता है तथा उसे ऊँचाई पर रखा गया है ।

64. उस समुच्चय की पहचान कीजिए जिसमें अनियततापी जीवों को समाविष्ट किया गया है ।
(1) छिपकली, तोता, डॉल्फिन
(2) कबूतर, मानव, छिपकली
(3) सर्प, मेंढक, कॉकरोच
(4) ह्वेल, मेंढक, केंचुआ

65. निम्नलिखित में से कौन-से मात्रकों के युग्म का समान भौतिक राशि को मापने के लिए प्रयोग किया जाता है ?
(1) $kg\ m/s^2$, Nm
(2) $kg\ m^2/s^2$, Ws
(3) $kg\ m/s^2$, Ws
(4) $kg\ m^2/s^2$, J/s

**66.** Read the following paragraph and choose the option with the set of words which would fill the blanks correctly in the given order.

During fertilisation, the sperm cell from the father and the egg cell of the mother fuse to form a ___W___ which divides repeatedly to give rise to a ball of cells. The cells begin to develop into different organs and tissues. This developing structure called ___X___ gets embedded in the wall of ___Y___. The stage of ___X___ in which all body parts can be identified is called ___Z___.

W, X, Y, Z respectively are :

(1) zygote, foetus, uterus, embryo

(2) zygote, embryo, uterus, foetus

(3) embryo, zygote, fallopian tube, foetus

(4) zygote, foetus, fallopian tube, embryo

**67.** Which of the following reactions are ***not*** feasible ?

(1) $PbSO_4 + Fe$

(2) $Al + CuSO_4$

(3) $Zn + CaSO_4$

(4) $Mg + ZnSO_4$

**68.** Which of the following graphs are straight lines ?

A. Distance – time graph of a body at rest

B. Velocity – time graph of a body moving with uniform acceleration

C. Distance – time graph of a body moving with uniform acceleration

D. Velocity – time graph of a body at rest

Choose the correct option :

(1) A, B and D

(2) A, B and C

(3) C and D

(4) A and B

**66.** निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़िए तथा उस शब्द समूह वाले विकल्प का चयन कीजिए जो कि सही प्रकार से दिए गए क्रम में रिक्त स्थानों को भरे ।

निषेचन के समय पिता के शुक्राणु और माता के अंडाणु संलयित होकर ___W___ बनाते हैं जो कि बारंबार विभाजित होकर कोशिकाओं के गोले में बदल जाता है । कोशिकाएँ विभिन्न अंगों और ऊतकों में परिवर्धित होने लगती हैं । इस विकसित होती संरचना को ___X___ कहते हैं जो कि ___Y___ की दीवार में रोपित हो जाता है । ___X___ की वह अवस्था जिसमें सभी शारीरिक भागों की पहचान हो सके वह ___Z___ कहलाता है ।

W, X, Y, Z क्रमशः हैं :

(1) युग्मनज, गर्भ, गर्भाशय, भ्रूण

(2) युग्मनज, भ्रूण, गर्भाशय, गर्भ

(3) भ्रूण, युग्मनज, डिंबवाहिनी नलिका (अंडवाहिनी), गर्भ

(4) युग्मनज, गर्भ, डिंबवाहिनी नलिका (अंडवाहिनी), भ्रूण

**67.** निम्नलिखित अभिक्रियाओं में से कौन-सी संभव ***नहीं*** है ?

(1) $PbSO_4 + Fe$

(2) $Al + CuSO_4$

(3) $Zn + CaSO_4$

(4) $Mg + ZnSO_4$

**68.** निम्नलिखित में से कौन-से ग्राफ़ सीधी रेखाएँ (ऋजु रेखाएँ) हैं ?

A. विराम अवस्था में पिंड/वस्तु का दूरी – समय ग्राफ़

B. एकसमान त्वरण के साथ गतिमान पिंड/वस्तु का वेग – समय ग्राफ़

C. एकसमान त्वरण के साथ गतिमान पिंड/वस्तु का दूरी – समय ग्राफ़

D. विराम अवस्था में पिंड/वस्तु का वेग – समय ग्राफ़

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) A, B और D

(2) A, B और C

(3) C और D

(4) A और B

**69.** Densities of four liquids A, B, C and D are given below :

| Liquid | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| Density (kg/m$^3$) | 785 | 820 | 924 | 1020 |

Based on this information, identify the correct statement from the following :

(1) An object that floats in liquid C may or may not float in liquid A.

(2) An object that floats in liquid A may or may not float in liquid B.

(3) An object that floats in liquid B surely floats in liquid A.

(4) An object that floats in liquid C surely floats in liquid B.

**70.** Read the following statements and choose the correct option :

*Assertion (A) :*

Electric current is a vector quantity.

*Reason (R) :*

Electric current is a quantity having magnitude as well as direction.

(1) (A) is true, but (R) is false.

(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(3) (A) is false, but (R) is true.

(4) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

**71.** Which of the following cell organelles contain their own DNA ?

A. Plastids

B. Mitochondria

C. Nucleus

D. Vacuole

Choose the correct option :

(1) C and D

(2) B and C

(3) A, B and C

(4) A, B and D

**69.** चार द्रवों A, B, C और D के घनत्व नीचे दिए गए हैं :

| द्रव | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| घनत्व (किग्रा/मी$^3$) | 785 | 820 | 924 | 1020 |

इस सूचना के आधार पर, निम्नलिखित में से सही कथन की पहचान कीजिए :

(1) एक बिम्ब जो द्रव C में तैरता है वह द्रव A में तैर भी सकता है और नहीं भी ।

(2) एक बिम्ब जो द्रव A में तैरता है वह द्रव B में तैर भी सकता है और नहीं भी ।

(3) एक बिम्ब जो द्रव B में तैरता है वह निश्चित रूप से द्रव A में भी तैरेगा ।

(4) एक बिम्ब जो द्रव C में तैरता है वह निश्चित रूप से द्रव B में भी तैरेगा ।

**70.** निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए :

*अभिकथन (A) :*

विद्युत धारा एक सदिश राशि है ।

*तर्क (R) :*

विद्युत धारा वह राशि है जिसके पास परिमाण के साथ-साथ दिशा भी है ।

(1) (A) सही है, परन्तु (R) ग़लत है ।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है ।

(3) (A) ग़लत है, परन्तु (R) सही है ।

(4) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।

**71.** निम्नलिखित में से किन कोशिका अंगकों में स्वयं का डीएनए अंतर्विष्ट है ?

A. लवक (प्लैस्टिड)

B. सूत्रकणिका (माइटोकॉन्ड्रिया)

C. नाभिक (न्यूक्लियस)

D. रिक्तिका

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) C और D

(2) B और C

(3) A, B और C

(4) A, B और D

**72.** Which of the following statements about the cells of living organisms is/are correct ?

A. All are microscopic and cannot be seen with a naked eye.
B. All have a cell wall.
C. All have a nuclear membrane.
D. All have a cell membrane.

Choose the correct option :

(1) Only D
(2) A and D
(3) B and C
(4) Only A

**73.** Select the set that correctly matches the type of waste given in Column A with the approximate time taken by it to decompose which is given in Column B.

| | *Column A* | | *Column B* |
|---|---|---|---|
| a. | Plastic bottle | i. | 2 – 5 months |
| b. | Silk scarf | ii. | 1 – 2 weeks |
| c. | Cotton shirt | iii. | 10 – 30 days |
| d. | Banana peel | iv. | 4 years |
| e. | Paper | v. | Several years |

Choose the correct option :

(1) a–iv, b–v, c–iii, d–i, e-ii
(2) a–v, b–iv, c–i, d–ii, e-iii
(3) a–iv, b–v, c–ii, d–i, e-iii
(4) a–v, b–i, c–ii, d–iii, e-iv

**74.** A feather of mass 15 g is dropped from a height. It is found to fall with a constant velocity. What is the net force acting on it ?

(1) Zero
(2) 1·47 N
(3) 14·7 N
(4) 147 N

**75.** An ion $X^{3+}$ is obtained from an element X (atomic mass 27 and atomic number 13). The number of protons, electrons and neutrons in $X^{3+}$ is respectively :

(1) 14, 13 and 10
(2) 10, 13 and 14
(3) 13, 13 and 10
(4) 13, 10 and 14

**72.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन जीवित जीवों की कोशिकाओं के संबंध में सही है/हैं ?

A. सभी सूक्ष्मदर्शीय (सूक्ष्म) होते हैं तथा इन्हें नग्न आँखों से नहीं देखा जा सकता है ।
B. सभी की कोशिका भित्ति होती है ।
C. सभी की केन्द्रकीय झिल्ली होती है ।
D. सभी की कोशिका झिल्ली होती है ।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) केवल D
(2) A और D
(3) B और C
(4) केवल A

**73.** उस समुच्चय का चयन कीजिए जो कॉलम A में दिए गए अपशिष्ट (कचरे) के प्रकार का कॉलम B में दिए गए इसके द्वारा अपघटन में लगने वाले लगभग समय के साथ सही प्रकार से सुमेलित हो ।

| | *कॉलम A* | | *कॉलम B* |
|---|---|---|---|
| a. | प्लास्टिक की बोतल | i. | 2 – 5 माह |
| b. | रेशमी रूमाल (स्कार्फ ) | ii. | 1 – 2 सप्ताह |
| c. | सूती कमीज़ (शर्ट) | iii. | 10 – 30 दिन |
| d. | केले का छिलका | iv. | 4 वर्ष |
| e. | कागज़ | v. | अनेक वर्ष |

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) a–iv, b–v, c–iii, d–i, e-ii
(2) a–v, b–iv, c–i, d–ii, e-iii
(3) a–iv, b–v, c–ii, d–i, e-iii
(4) a–v, b–i, c–ii, d–iii, e-iv

**74.** एक ऊँचाई से 15 ग्राम द्रव्यमान का पंख छोड़ा जाता है । यह पाया जाता है कि वह एकसमान वेग से गिर रहा है । उस पर काम करने वाला नेट बल कितना है ?

(1) शून्य
(2) 1·47 N
(3) 14·7 N
(4) 147 N

**75.** $X^{3+}$ आयन तत्त्व X (परमाणु-द्रव्यमान 27 और परमाणु क्रमांक 13) से प्राप्त हुआ है । $X^{3+}$ में प्रोटॉनों, इलेक्ट्रॉनों और न्यूट्रॉनों की संख्या क्रमशः है :

(1) 14, 13 और 10
(2) 10, 13 और 14
(3) 13, 13 और 10
(4) 13, 10 और 14

**76.** Identify the set comprising plants that produce bisexual flowers :

(1) Cucumber, Papaya, Rose

(2) Mustard, Rose, Petunia

(3) Corn, Cucumber, Petunia

(4) Corn, Papaya, Mustard

**77.** Identify the ***incorrect*** statement :

(1) Clayey soil is better aerated than loamy soil.

(2) Clayey soil is more fertile as compared to loamy soil.

(3) Water retention capacity of clayey soil is better than that of loamy soil.

(4) The particle size of clayey soil is much smaller than that of loamy soil.

**78.** Which of the following substances are present on the rubbing surface of a matchbox ?

(1) Glass powder and red phosphorus

(2) White phosphorus and glass powder

(3) Red phosphorus and magnesium

(4) Potassium and white phosphorus

**79.** ___A___ and ___B___ secrete their hormones when they receive orders from gland ___C___. Which of the following can A, B and C respectively be ?

(1) Pancreas, Adrenal glands, Thyroid

(2) Thyroid, Adrenal glands, Pituitary

(3) Testes, Ovaries, Thyroid

(4) Pituitary, Pancreas, Thyroid

**80.** The image formed by a pinhole camera is real. Which of the following statements offers a suitable explanation for this fact ?

(1) Light diffracts on entering a small opening.

(2) Light travels in a straight line.

(3) Light is a form of energy.

(4) Light changes its path when it travels from one medium to another.

**76.** उस समुच्चय की पहचान कीजिए जो द्विलिंगी पुष्पों (फूलों) को उत्पन्न करने वाले पादपों से बना है :

(1) खीरा, पपीता, गुलाब

(2) सरसों, गुलाब, पिटूनिया

(3) मक्का, खीरा, पिटूनिया

(4) मक्का, पपीता, सरसों

**77.** ***ग़लत*** कथन की पहचान कीजिए :

(1) दुमटी मृदा की अपेक्षा चिकनी मृदा अधिक सुवातित होती है ।

(2) दुमटी मृदा की तुलना में चिकनी मृदा अधिक उर्वर होती है ।

(3) दुमटी मृदा की अपेक्षा चिकनी मृदा की जल धारण क्षमता बेहतर होती है ।

(4) चिकनी मृदा के कणों का आमाप दुमटी मृदा के कणों के आमाप के अपेक्षाकृत बहुत छोटा (सूक्ष्म) होता है ।

**78.** निम्नलिखित में से कौन-से पदार्थ माचिस के निघर्षण पृष्ठ पर विद्यमान होते हैं ?

(1) काँच का चूर्ण और लाल फ़ॉस्फ़ोरस

(2) श्वेत फ़ॉस्फ़ोरस और काँच का चूर्ण

(3) लाल फ़ॉस्फ़ोरस और मैग्नीशियम

(4) पोटैशियम और श्वेत फ़ॉस्फ़ोरस

**79.** ___A___ और ___B___ अपने हॉर्मोन तब स्रावित करते हैं जब उन्हें ग्रंथि ___C___ से आदेश प्राप्त होता है । निम्नलिखित में से कौन-सा क्रमशः A, B और C हो सकता है ?

(1) अग्न्याशय, अधिवृक्क (ऐड्रिनल) ग्रंथियाँ, थाइरॉइड

(2) थाइरॉइड, अधिवृक्क (ऐड्रिनल) ग्रंथियाँ, पीयूष

(3) वृषण, अंडाशय, थाइरॉइड

(4) पीयूष, अग्न्याशय, थाइरॉइड

**80.** सूचीछिद्र कैमरे द्वारा निर्मित प्रतिबिम्ब वास्तविक होता है । निम्नलिखित में से कौन-सा कथन इस तथ्य की उपयुक्त व्याख्या प्रदान करता है ?

(1) प्रकाश छोटे से मुख (छेद) में प्रवेश करने पर विवर्तित हो जाता है ।

(2) प्रकाश सीधी रेखा में गमन करता है ।

(3) प्रकाश ऊर्जा का एक स्वरूप (रूप) है ।

(4) प्रकाश जब एक माध्यम से दूसरे में गमन करता है तब वह अपना पथ परिवर्तित करता है ।

**81.** Identify the open-ended question from among the following :
(1) Why can humans not digest cellulose ?
(2) What is cellulose made of ?
(3) What would happen if humans could digest cellulose ?
(4) Name any five organisms that can digest cellulose.

**82.** Which of the following is/are true about the curricular practice currently being followed in schools ?
A. Science and Mathematics are being taught integratedly as 'Science and Technology' in elementary classes.
B. Physics, Chemistry and Biology are being taught integratedly as 'Science' in secondary classes.
C. Science and Social Science are being taught integratedly as 'EVS' in primary classes.
Choose the correct option :
(1) B and C
(2) A and B
(3) Only C
(4) Only B

**83.** A group of students is engaged in an activity in which they are measuring the boiling temperature of ordinary tap water in a beaker. Which of the following is ***not*** a suitable indicator to assess them on this task ?
(1) Pay due attention to the least count of the thermometer
(2) Ensure that the thermometer does not touch the walls of the beaker
(3) Measure the boiling temperature as 100°C
(4) Use a stand to suspend the thermometer

**84.** Which of the following ***cannot*** be considered as a valid reason for including socio-scientific issues (such as the GM food) in the school science curricula ?
(1) Develops argumentation skills
(2) Helpful in cultivating understanding about nature of science
(3) Develops the capacity to engage in evidence-based reasoning
(4) Helpful in appreciating science as a definitive discipline

**81.** निम्नलिखित में से मुक्तोत्तर प्रश्न की पहचान कीजिए :
(1) मानव सेलुलोस को क्यों नहीं पचा सकते हैं ?
(2) सेलुलोस किससे बना होता है ?
(3) क्या होगा यदि मानव सेलुलोस को पचा सकें ?
(4) पाँच ऐसे जीवों के नाम बताइए जो कि सेलुलोस को पचा सकते हैं ।

**82.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से स्कूलों में वर्तमान में पालन होने वाली पाठ्यचर्या संबंधी गतिविधियों के संबंध में सही है/हैं ?
A. प्रारंभिक कक्षाओं में विज्ञान और गणित को एकीकृत रूप से 'विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी' की तरह पढ़ाया जाता है ।
B. माध्यमिक कक्षाओं में भौतिकी, रसायन-विज्ञान एवं जीव-विज्ञान को एकीकृत रूप से 'विज्ञान' की तरह पढ़ाया जाता है ।
C. प्राथमिक कक्षाओं में विज्ञान और सामाजिक विज्ञान को एकीकृत रूप से 'ईवीएस' की तरह पढ़ाया जाता है ।
सही विकल्प का चयन कीजिए :
(1) B और C
(2) A और B
(3) केवल C
(4) केवल B

**83.** विद्यार्थियों के एक समूह को एक ऐसी गतिविधि में संलग्न किया गया है जिसमें वे बीकर में सामान्य नल के पानी का क्वथन तापमान (क्वथनांक) माप रहे हैं ।
निम्नलिखित में से कौन-सा इस कार्य पर उन्हें आँकने का उपयुक्त संकेतक ***नहीं*** है ?
(1) थर्मामीटर के अल्पतमांक (न्यूनतम गणना) पर ध्यान देना
(2) यह सुनिश्चित करना कि थर्मामीटर बीकर की दीवारों को छूए नहीं
(3) क्वथनांक को 100°C मापना
(4) थर्मामीटर को लटकाने के लिए स्टैंड का प्रयोग

**84.** निम्नलिखित में से किसको स्कूली विज्ञान पाठ्यचर्या में सामाजिक-वैज्ञानिक मामलों (जैसे जीएम भोजन) को सम्मिलित करने के लिए एक मान्य (वैध) कारण के रूप में शामिल ***नहीं*** किया जा सकता है ?
(1) तर्क-वितर्क कौशलों को विकसित करना
(2) विज्ञान की प्रकृति के संबंध में समझ बनाने में सहायक है
(3) साक्ष्य-आधारित तर्क में संलग्न रहने की क्षमता को विकसित करना
(4) एक निश्चित विद्या-विशेष के रूप में विज्ञान की अनुशंसा करने में सहायक है

85. After teaching the chapter 'Respiration in Organisms' in Class VII, a teacher performs the following activity with her students. They take three test tubes and fill 3/4$^{th}$ of each with water. The test tubes are labelled as A, B and C. They put a snail in test tube A, a water plant in test tube B and in C they keep snail and plant both. The teacher then asks the students which test tube would have the highest concentration of $CO_2$. Which process skill is the teacher emphasising in this case ?

(1) Predicting
(2) Estimating
(3) Measuring
(4) Question raising

86. Which of the following is ***not*** correct in respect of the activities suggested as part of 'Extended learning' in textbooks ?

(1) These are an important value-addition to children's repertoire of knowledge and skills.
(2) These form an important basis of students' evaluation.
(3) Some of these require students to collect information of various kinds and draw conclusions on their own.
(4) Some of these enhance children's interaction with experts, teachers and society at large.

87. Which of the following is/are ordinarily ***not*** implied in the context of 'Content validity' of Science curriculum ?

A. The content is updated.
B. The concepts are accurately represented.
C. The concepts are trivialised for some learners.

Choose the correct option :

(1) Only B
(2) A and B
(3) A, B and C
(4) Only A

85. कक्षा VII में 'जीवों में श्वसन' पाठ पढ़ाने के पश्चात्, शिक्षिका अपने विद्यार्थियों के साथ निम्नलिखित गतिविधि करती है । वे तीन परखनलियाँ लेते हैं तथा प्रत्येक के 3/4 (तीन-चौथाई) को जल से भर देते हैं । परखनलियों को A, B एवं C के रूप में अंकित करते हैं । वे परखनली A में घोंघा डाल देते हैं, परखनली B में जल पादप और C में वे घोंघा और पादप दोनों रख देते हैं । शिक्षिका तब विद्यार्थियों से पूछती है कि किस परखनली में $CO_2$ का उच्चतम सांद्रण होगा । इस मामले में शिक्षिका किस प्रक्रिया कौशल पर बल दे रही है ?

(1) पूर्वानुमान
(2) अनुमान लगाने
(3) मापन
(4) प्रश्न उठाने

86. पाठ्य-पुस्तकों में 'विस्तारित अधिगम' के भाग के रूप में प्रस्तावित गतिविधियों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही ***नहीं*** है ?

(1) ये बच्चों के ज्ञान एवं कौशल के रंगपटल के लिए महत्त्वपूर्ण मूल्य-संवर्धन हैं ।
(2) ये विद्यार्थियों के मूल्यांकन का महत्त्वपूर्ण आधार बनती हैं ।
(3) इनमें से कुछ में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार की सूचना एकत्र करने की और स्वयं निष्कर्ष निकालने की आवश्यकता होती है ।
(4) इनमें से कुछ बृहत् रूप से विशेषज्ञों, शिक्षकों एवं समाज के साथ बच्चों की अंत:क्रिया को बढ़ाती हैं ।

87. विज्ञान पाठ्यचर्या की 'विषय-वस्तु वैधता' के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से सामान्यत: परिलक्षित ***नहीं*** होता/ते है/हैं ?

A. सामग्री अद्यतन है ।
B. अवधारणाएँ यथार्थत: निरूपित हैं ।
C. कुछ शिक्षार्थियों के लिए अवधारणाओं को तुच्छ बनाया गया है ।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) केवल B
(2) A और B
(3) A, B और C
(4) केवल A

88. Which of the following can be considered as the most suitable rationale for team teaching ?

(1) It is an effective strategy for large sized classes.

(2) It benefits the students with diverse expertise.

(3) It makes the task of assessment easier.

(4) It is helpful in increasing student participation.

89. Which of the following would be the most suitable activity to introduce the concept of image formation in spherical mirrors in Class VII students ?

(1) Students are asked to observe their images at various positions in a plane mirror.

(2) Students are asked to play with shiny, steel spoons and observe their images in it.

(3) Students are explained the laws of reflection.

(4) Students are explained the process of drawing ray diagrams in curved mirrors.

90. Which of the following is ***not*** implied by the statement 'Good science education is true to the child, true to life and true to the discipline' ?

(1) Science education should help the students acquire the processes of science.

(2) Science education should build a link between the child and his/her environment.

(3) Science education should train the students to remain disciplined in school.

(4) Science classroom practices should be developmentally appropriate.

88. निम्नलिखित में से किसे टीम (दल) शिक्षण के लिए सबसे उपयुक्त तर्काधार के रूप में शामिल किया जा सकता है ?

(1) यह बृहत् आमाप वाली कक्षाओं के लिए एक प्रभावी रणनीति है ।

(2) यह विविध सुविज्ञता वाले विद्यार्थियों को लाभ पहुँचाता है ।

(3) यह आकलन के कार्य को और सरल बनाता है ।

(4) यह विद्यार्थियों की भागीदारी में वृद्धि करने में सहायक है ।

89. निम्नलिखित में से कक्षा VII के विद्यार्थियों में गोलीय दर्पणों में प्रतिबिम्ब रचना की अवधारणा को प्रस्तुत करने के लिए सबसे उपयुक्त गतिविधि कौन-सी होगी ?

(1) विद्यार्थियों को एक समतल दर्पण में विभिन्न अवस्थितियों में अपने प्रतिबिम्बों का अवलोकन करने के लिए कहा जाता है ।

(2) विद्यार्थियों को चमकीले स्टील चम्मच के साथ खेलने तथा उसमें अपने प्रतिबिम्बों का अवलोकन करने के लिए कहा गया है ।

(3) विद्यार्थियों को परावर्तन के नियम स्पष्ट किए जाते हैं ।

(4) विद्यार्थियों को वक्र दर्पणों में किरण आरेख के आरेखण की प्रक्रिया स्पष्ट की जाती है ।

90. निम्नलिखित में से कौन-सा इस कथन से परिलक्षित ***नहीं*** होता कि 'अच्छी विज्ञान शिक्षा बच्चे के अनुकूल, जीवन के अनुकूल और विद्या-विशेष (अनुशासन) के अनुकूल है' ?

(1) विज्ञान शिक्षा को विज्ञान संबंधी प्रक्रियाओं को अर्जित करने में विद्यार्थियों की सहायता करनी चाहिए ।

(2) विज्ञान शिक्षा को बच्चे और उसके आस-पास के वातावरण के बीच एक कड़ी बनानी चाहिए ।

(3) विज्ञान शिक्षा को विद्यार्थियों को स्कूल में अनुशासित रहने के लिए प्रशिक्षित करना चाहिए ।

(4) विज्ञान कक्षा कार्य विकासात्मक रूप से उपयुक्त होने चाहिए ।

| | |
|---|---|
| ***Candidates have to do questions 31 to 90 EITHER from Part II (Mathematics and Science) OR from Part III (Social Studies/Social Science).*** | ***परीक्षार्थियों को प्रश्न 31 से 90 या तो भाग II (गणित व विज्ञान) या भाग III (सामाजिक अध्ययन / सामाजिक विज्ञान) से करने हैं ।*** |

## PART III / भाग III
## SOCIAL STUDIES / SOCIAL SCIENCE (सामाजिक अध्ययन / सामाजिक विज्ञान)

***Directions :*** *Answer the following questions by selecting the* ***correct/most appropriate*** *option.*

**31.** Consider the following assessment question : 'What are the ways in which people can participate in a democracy ?' Following are some answers that you get from students.

Which answer reflects the student's understanding of the question and his/her ability to give a comprehensive 'to-the-point' answer ?

(1) 'Some key elements that influence the working of a democratic government are — people's participation, resolution of conflict and commitment to equality and justice.'
(2) 'Voting, dharna, rallies, social movements.'
(3) 'By voting in elections.'
(4) 'In a democracy, people participate by voting in elections. All governments are elected for fixed periods. In India this period is five years.'

**32.** Consider the following assessment question : 'What is the difference between weekly markets and shopping malls ?'
Below are some answers written by students. In which answer does the student fail to display ability of comparing/contrasting ?

(1) 'The products sold in weekly markets could be bought at cheap rates whereas only a few people can afford products sold in shopping malls.'
(2) 'Weekly markets do not have permanent shops whereas the shops in shopping malls are built to last.'
(3) 'Weekly markets run in both rural and urban areas whereas a shopping mall is usually seen in urban areas.'
(4) 'Weekly markets are markets which are held on a specific day of the week whereas shopping malls are multi-storeyed buildings with shops on different floors.'

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सही/सबसे उचित*** *विकल्प चुनिए ।*

**31.** निम्नलिखित मूल्यांकन संबंधी प्रश्न पर विचार कीजिए : 'लोकतंत्र में लोग किन-किन तरीकों से भागीदारी कर सकते हैं ?' विद्यार्थियों द्वारा दिए कुछ उत्तरों को नीचे दिया गया है ।
कौन-सा उत्तर विद्यार्थी के प्रश्न को समझने और एक समावेशी 'विषयानुकूल' उत्तर देने की क्षमता का प्रदर्शन करता है ?

(1) 'लोकतांत्रिक सरकार के संचालन को प्रभावित करने वाले कुछ मुख्य तत्त्व हैं — जन भागीदारी, संघर्ष का समाधान और समानता व न्याय के प्रति प्रतिबद्धता ।'
(2) 'मतदान, धरना, रैली, सामाजिक आंदोलन ।'
(3) 'चुनाव में मतदान द्वारा ।'
(4) 'लोकतंत्र में, लोग चुनाव में मतदान द्वारा भागीदारी करते हैं । सभी सरकारें एक निर्धारित समय के लिए चुनी जाती हैं । भारत में यह अवधि पाँच वर्ष की है ।'

**32.** निम्नलिखित मूल्यांकन संबंधी प्रश्न पर विचार कीजिए : 'साप्ताहिक बाज़ार और शॉपिंग मॉल में क्या अंतर है ?' विद्यार्थियों द्वारा लिखे कुछ उत्तर नीचे दिए गए हैं : किस उत्तर में विद्यार्थी अपनी तुलना/अंतर कर पाने की क्षमता का प्रदर्शन करने में असफल दिखता है ?

(1) 'साप्ताहिक बाज़ार में बिकने वाले सामान सस्ती दरों पर खरीदे जा सकते हैं जबकि शॉपिंग मॉल में बिकने वाले सामान को केवल कुछ लोग ही वहन कर सकते हैं ।'
(2) 'साप्ताहिक बाज़ार में स्थायी दुकानें नहीं होती हैं जबकि शॉपिंग मॉल में दुकानें लंबे समय तक रहती हैं ।'
(3) 'साप्ताहिक बाज़ार ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों में लगते हैं जबकि शॉपिंग मॉल प्राय: शहरी क्षेत्रों में होते हैं ।'
(4) 'साप्ताहिक बाज़ार वैसे बाज़ार होते हैं जो सप्ताह के किसी निश्चित दिन लगते हैं जबकि शॉपिंग मॉल बहुमंज़िला इमारतें होती हैं जिनमें भिन्न मंज़िलों पर दुकानें होती हैं ।'

**33.** Some students of Class VI question that if the Earth is not flat, then how are maps showing everything as flat ?
What will be the best way to address this question ?
(1) Showing animatedly how maps and globes resemble our Earth
(2) Showing the maps to the students
(3) Ask them to find out the reason themselves
(4) Showing the globe to the students

**34.** Read the following statements and choose the correct option :
*Assertion (A) :*
Social Science has a strong correlation with Arts.
*Reason (R) :*
Paintings, sculptures, prehistoric artifacts, etc. represent proof of many domains of Social Sciences.
(1) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(2) (A) is false, but (R) is true.
(3) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).
(4) (A) is true, but (R) is false.

**35.** Read the following statements and choose the correct option :
*Statement A :*
The nature of Social Science is evidence-based, empirical and verifiable.
*Statement B :*
Its study often leads to multiple interpretations of a single event.
(1) A is true, but B is false.
(2) Both A and B are false.
(3) A is false, but B is true.
(4) Both A and B are true.

**36.** Rosy drew a picture of a woman as a nurse and a man as an engineer. On asking the reason behind it, she replied, 'women make better nurses because they are more patient and gentle, whereas science requires a technical mind and women are not capable of dealing with technical things'.
What does Rosy's statement reflect ?
(1) Gender constancy
(2) Gender stereotype
(3) Gender typing
(4) Gender discrimination

**33.** कक्षा VI के कुछ विद्यार्थी प्रश्न करते हैं कि यदि पृथ्वी सपाट नहीं है, तो मानचित्र कैसे सब कुछ सपाट दिखाते हैं ?
इस प्रश्न को संबोधित करने का सर्वश्रेष्ठ मार्ग क्या होगा ?
(1) सजीवता के साथ यह दिखाना कि कैसे मानचित्र और ग्लोब, हमारी पृथ्वी से मिलते-जुलते हैं
(2) विद्यार्थियों को मानचित्र दिखाना
(3) उन्हें स्वयं ही कारण पता करने के लिए कहना
(4) विद्यार्थियों को ग्लोब दिखाना

**34.** निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए :
*अभिकथन (A) :*
सामाजिक विज्ञान का कला के साथ परस्पर दृढ़ संबंध है ।
*तर्क (R) :*
चित्रकलाएँ, मूर्तिकलाएँ, प्रागैतिहासिक शिल्पकृतियाँ, इत्यादि सामाजिक विज्ञान की कई शाखाओं के साक्ष्य/प्रमाण को निरूपित करते हैं ।
(1) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(2) (A) ग़लत है, परन्तु (R) सही है ।
(3) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है ।
(4) (A) सही है, परन्तु (R) ग़लत है ।

**35.** निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए :
*कथन A :*
सामाजिक विज्ञान की प्रकृति साक्ष्य-आधारित, आनुभविक और सत्यापनीय है ।
*कथन B :*
इसका अध्ययन प्राय: एकल घटना के बहुल व्याख्यान की ओर ले जाता है ।
(1) A सही है, परन्तु B ग़लत है ।
(2) A और B दोनों ग़लत हैं ।
(3) A ग़लत है, परन्तु B सही है ।
(4) A और B दोनों सही हैं ।

**36.** रोज़ी ने एक महिला का नर्स के रूप में तथा पुरुष का अभियंता के रूप में चित्र बनाया । इसके पीछे का कारण पूछने पर, उसने उत्तर दिया, 'महिलाएँ अच्छी नर्स होती हैं क्योंकि वे अधिक धैर्यवान और सौम्य होती हैं, जबकि विज्ञान में तकनीकी दिमाग की आवश्यकता होती है और महिलाएँ तकनीकी वस्तुओं का प्रयोग करने में सक्षम नहीं होती हैं ।
रोज़ी का कथन क्या परावर्तित करता है ?
(1) जेंडर स्थिरता
(2) जेंडर रूढ़िबद्ध धारणा
(3) जेंडर वर्गीकरण करना
(4) जेंडर भेदभाव

**37.** To familiarise students about election procedure in India, which one of the following would be the best pedagogical method ?

(1) Asking students to conduct survey in their neighbourhood about election

(2) Organizing an election in the class for class representatives

(3) Screening a documentary on a local election

(4) Inviting an expert for a lecture

**38.** The best possible practice for sensitizing students towards the life of tribals and nomadic pastoralists would be :

(1) screening a movie or documentary on Bakarwals.

(2) lecture and seminar.

(3) a group discussion on tribes and nomadic pastoralists.

(4) textbook reading.

**39.** While students are engaged in a group discussion on uses of water, a teacher should use the blackboard in which of the following manner ?

(1) Arranging responses around concepts, themes and issues.

(2) Noting responses of students who are considered bright in the class.

(3) Listen to the students but not necessary to record.

(4) Recording every word said in the discussion.

**40.** A teacher takes students of upper primary classes to the District Court, after finishing the lesson on 'Criminal Justice System'. Which of the following objectives is/are most appropriate for the visit ?

A. To provide experience of the functioning of courts and interact with lawyers, judges and staff on the roles they play.

B. To show the challenges of seeking justice and create awe of the system.

C. To scare students by showing difficulties faced by those implicated in various cases and encourage law keeping.

Choose the correct option :

(1) Only C

(2) Only B

(3) A, B and C

(4) Only A

**37.** विद्यार्थियों को भारत की चुनाव प्रक्रिया के बारे में सुपरिचित कराने के लिए, निम्नलिखित में से कौन-सी शिक्षाशास्त्रीय विधि श्रेष्ठ होगी ?

(1) विद्यार्थियों को उनके पड़ोस में चुनाव संबंधी सर्वे करने के लिए कहना

(2) कक्षा में कक्षा प्रतिनिधियों के लिए चुनाव का आयोजन करना

(3) स्थानीय चुनाव पर वृत्तचित्र दर्शाना

(4) किसी विशेषज्ञ को व्याख्यान के लिए आमंत्रित करना

**38.** आदिवासियों और चलवासी पशुचारियों (चरवाहों) के जीवन के प्रति विद्यार्थियों को संवेदनशील बनाने हेतु श्रेष्ठ संभाव्य अभ्यास होगा :

(1) बकरवालों पर चलचित्र अथवा वृत्तचित्र दिखाना ।

(2) व्याख्यान एवं सेमिनार ।

(3) आदिवासियों और चलवासी पशुचारियों (चरवाहों) पर सामूहिक चर्चा ।

(4) पाठ्यपुस्तक पठन ।

**39.** विद्यार्थियों द्वारा जल के इस्तेमाल पर सामूहिक चर्चा करते समय शिक्षक को श्यामपट्ट का इस्तेमाल निम्नलिखित में से किस तरह करना चाहिए ?

(1) संकल्पनाओं, विषय-वस्तुओं और मुद्दों के आधार पर प्रतिक्रियाओं को व्यवस्थित करना ।

(2) वे विद्यार्थी जो कक्षा में होनहार माने जाते हैं उनकी प्रतिक्रिया को लिख लेना ।

(3) विद्यार्थियों की बातों को सुनना लेकिन उनका अभिलेखन आवश्यक नहीं है ।

(4) चर्चा में कही गई हर बात को अभिलेखित करना ।

**40.** 'आपराधिक न्याय प्रणाली' का पाठ खत्म होने पर, एक शिक्षक उच्च प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों को जिला न्यायालय ले जाता है । यह अवलोकन निम्नलिखित में से कौन-सा/से उद्देश्य पूरा करता/ते है/हैं ?

A. न्यायालयों के प्रकार्य का अनुभव करना तथा वकीलों, न्यायाधीशों और कर्मचारियों की भूमिकाओं पर बातचीत करना ।

B. न्याय पाने में आने वाली चुनौतियों को दिखाना तथा व्यवस्था के बारे में भय पैदा करना ।

C. विभिन्न मुकदमों में फँसे लोगों की परेशानियों को दिखाकर विद्यार्थियों को डराना और उन्हें कानून मानने के लिए प्रोत्साहित करना ।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) केवल C

(2) केवल B

(3) A, B और C

(4) केवल A

**41.** Which of the following are the prevailing misconceptions about Social Science ?

A. It is a non-utilitarian subject.

B. Natural Sciences are superior to the Social Sciences.

C. It rewards memorisation of superfluous 'facts'.

D. The only job option open to students specialising in the Social Sciences is in academics.

Choose the correct option :

(1) A, B and C

(2) B and C

(3) A, B, C and D

(4) A, C and D

**41.** निम्नलिखित में से कौन-सी सामाजिक विज्ञान के संदर्भ में भ्रांत-धारणाएँ हैं ?

A. यह एक ग़ैर-उपयोगी विषय है ।

B. प्राकृतिक विज्ञान, सामाजिक विज्ञान से श्रेष्ठ हैं ।

C. यह अतिशय 'तथ्यों' को रटने पर पुरस्कृत करता है ।

D. सामाजिक विज्ञान में विशेषज्ञता प्राप्त विद्यार्थियों के नौकरी के विकल्प केवल अकादमी (शिक्षाविदों) में ही हैं ।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) A, B और C

(2) B और C

(3) A, B, C और D

(4) A, C और D

**42.** Which of the following concepts (A to D) should a child have prior knowledge about to understand the concept of the Torrid Zone ?

A. Longitudes

B. Globe

C. Insolation

D. Latitudes

Choose the correct option :

(1) A, C and D

(2) B, C and D

(3) A, B and D

(4) A, B and C

**42.** उष्ण कटिबंध की संकल्पना को समझने के लिए एक बच्चे को निम्नलिखित संकल्पनाओं (A से D) में से किनकी प्राथमिक जानकारी होनी चाहिए ?

A. देशांतर

B. ग्लोब

C. आतपन

D. अक्षांश

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) A, C और D

(2) B, C और D

(3) A, B और D

(4) A, B और C

**43.** Read the following statements and choose the correct option :

*Assertion (A) :*

The change in nomenclature, from Civics to Political Science was to bring back the focus towards issues of contemporary India.

*Reason (R) :*

'Civics' appeared in the Indian school curriculum during Colonial period against the background of increasing disloyalty among Indians towards the British Raj.

(1) (A) is true, but (R) is false.

(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(3) (A) is false, but (R) is true.

(4) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

**43.** निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए :

*अभिकथन (A) :*

नागरिक शास्त्र से राजनीतिक विज्ञान नामावली में परिवर्तन, समकालीन भारत के मामलों के प्रति ध्यान वापस लाने के लिए था ।

*तर्क (R) :*

ब्रिटिश राज के प्रति भारतीयों में बढ़ती अनिष्ठा की पृष्ठभूमि में औपनिवेशिक काल के समय भारतीय स्कूल पाठ्यचर्या में 'नागरिक शास्त्र' आया था ।

(1) (A) सही है, परन्तु (R) ग़लत है ।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है ।

(3) (A) ग़लत है, परन्तु (R) सही है ।

(4) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।

**44.** Which of the following activities would help children to critically think about women's work in society ?

A. Asking students to write slogans emphasizing the importance of equality between men and women.

B. Asking students to observe how much leisure time men and women have respectively and to think about why that is so.

C. Showing them data regarding how many girl students get to attend schools and asking them to talk about the impact that might have on their job opportunities.

Choose the correct option :

(1) A and B
(2) Only C
(3) B and C
(4) Only A

**45.** While taking a class on the topic of 'Government', which of the following questions can you pose to students to encourage both social awareness and critical thinking skills in them ?

(1) 'List out three differences between a monarchy and a democratic government.'
(2) 'What are the features of a democratic government ?'
(3) 'We saw how the pandemic had disproportionately placed the burden of healthcare on doctors and frontline workers. Do you think any protest organized by them demanding better working conditions from the government is justified ? Support your answer with reasons.'
(4) 'You have been noticing for quite some time that the area near your house gets flooded every time it rains during the monsoon season. You and your neighbours decide that something has to be done regarding this issue. Which level of government – Local, State or Central, would you approach if you have such a grievance ?'

**46.** A teacher writes expected learning objectives for her lesson plan as : 'Students will be able to compare a weekly market with a shopping complex'. This objective will require students to demonstrate their :

(1) Application
(2) Understanding
(3) Analysis
(4) Knowledge

**44.** निम्नलिखित में से कौन-सी गतिविधि(याँ) बच्चों में समाज में महिलाओं के काम को लेकर आलोचनात्मक सोच विकसित करने में मदद करती है/हैं ?

A. विद्यार्थियों को महिलाओं व पुरुषों में बराबरी के महत्त्व पर बल देते हुए नारे लिखने के लिए कहना ।

B. विद्यार्थियों को ये निरीक्षण करने के लिए कहना कि महिलाओं और पुरुषों को अलग-अलग कितना फ़ुरसत का समय मिलता है और इसके बारे में विचार करना कि ऐसा क्यों है ।

C. विद्यार्थियों को छात्राओं के विद्यालयों में उपस्थिति संबंधी आँकड़ों को दिखाना और इसका उनके नौकरी पाने के अवसरों पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में चर्चा करने के लिए कहना ।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) A और B
(2) केवल C
(3) B और C
(4) केवल A

**45.** 'शासन व्यवस्था' के विषय पर कक्षा लेते समय, विद्यार्थियों में सामाजिक जागरूकता और आलोचनात्मक विचार कौशल दोनों विकसित करने के लिए निम्नलिखित में से किस प्रश्न को पूछा जा सकता है ?

(1) 'राजतंत्र और लोकतांत्रिक सरकार के बीच के तीन अंतर सूचीबद्ध कीजिए ।'
(2) 'लोकतांत्रिक सरकार की क्या विशिष्टताएँ होती हैं ?'
(3) 'हमने देखा कि महामारी के दौरान स्वास्थ्य व्यवस्था का बोझ चिकित्सकों और अगुआ स्वास्थ्यकर्मियों पर विषम रूप से ज़्यादा पड़ा । क्या आपके विचार में बेहतर सेवा शर्तों की माँग को लेकर सरकार के समक्ष उनका प्रदर्शन करना जायज है ? अपने उत्तर का समर्थन कारण सहित कीजिए ।'
(4) 'आपने यह देखा है कि वर्षा ऋतु में जब भी बारिश होती है, आपके घर के आस-पास जल-जमाव हो जाता है । आप अपने पड़ोसियों के साथ मिलकर इस समस्या का समाधान निकालने का फैसला करते हैं । स्थानीय, राज्य या केन्द्र में से किस स्तर की शासन व्यवस्था के पास आप शिकायत करेंगे ?'

**46.** एक शिक्षिका अपनी पाठ योजना के लिए अपेक्षित अधिगम उद्देश्य इस प्रकार लिखती है : 'विद्यार्थी साप्ताहिक बाज़ार की तुलना शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के साथ करने में सक्षम होंगे' । इस उद्देश्य के लिए विद्यार्थियों को अपना ________ प्रदर्शित करने की आवश्यकता होगी ।

(1) अनुप्रयोग
(2) समझ (बोध)
(3) विश्लेषण
(4) ज्ञान

47. Which of the following assessment questions is the most appropriate to test students' understanding and appreciation of Indian federalism ?
(1) Write a brief note on the three organs of the state — the legislature, the executive and the judiciary.
(2) What are the three levels of the government ? What are their functions ?
(3) What do you think might happen if we did not have any state and local governments and all decisions were made at the Centre ?
(4) Define federalism.

48. Consider the following assessment question : 'Why does a democratic country need a constitution ?'
Which of the following answers given by your students indicate a lack of understanding of the question ?
(1) Student C : A constitution ensures that a dominant group does not use its power against less powerful groups.
(2) Student B : A constitution gives us a set of rules on the basis of which a country is to be governed.
(3) Student D : A constitution usually contains rules that ensure that minorities are not excluded from anything that is routinely available to the majority.
(4) Student A : A constitution lays down rules that guard against the misuse of authority by our political leaders.

49. Read the following statements and choose the correct option :
*Assertion (A) :*
A scrapbook is an effective way of making students learn about the different types of vegetation present in various regions of the world through pictures.
*Reason (R) :*
A scrapbook must be assessed only by the cost of different materials used in it.
(1) (A) is true, but (R) is false.
(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).
(3) (A) is false, but (R) is true.
(4) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

50. What kinds of questions can students be asked in order to test their factual knowledge ?
(1) Knowledge of terminologies
(2) Knowledge of classifications and categories
(3) Strategic knowledge
(4) Knowledge of subject-specific skills

47. विद्यार्थियों की भारतीय संघवाद की समझ व सराहना की जाँच के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा मूल्यांकन प्रश्न सर्वाधिक उपयुक्त है ?
(1) राज्य के तीन अंगों — विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका पर संक्षिप्त विवरण लिखिए ।
(2) शासन व्यवस्था के तीन स्तर कौन-से हैं ? उनके कार्य क्या हैं ?
(3) आपके विचार में क्या होता यदि हमारी राज्य और स्थानीय शासन व्यवस्था नहीं होतीं और सभी फैसले केन्द्र से लिए जाते ?
(4) संघवाद को परिभाषित कीजिए ।

48. मूल्यांकन संबंधी निम्नलिखित प्रश्न पर विचार कीजिए : 'एक लोकतांत्रिक देश को संविधान की ज़रूरत क्यों होती है ?'
निम्नलिखित में से कौन-सा उत्तर दर्शाता है कि विद्यार्थी ने प्रश्न को समझा नहीं है ?
(1) विद्यार्थी C : संविधान यह सुनिश्चित करता है कि कोई प्रबल समूह अशक्त समूहों पर अपनी शक्ति का प्रयोग न करे ।
(2) विद्यार्थी B : संविधान हमें एक नियमावली देता है जिसके आधार पर एक देश का शासन किया जाता है ।
(3) विद्यार्थी D : संविधान में वे नियम समाविष्ट हैं जो सुनिश्चित करते हैं कि अल्पसंख्यक उस किसी भी चीज़ से वर्जित न हों जो बहुसंख्यकों को नित्य उपलब्ध हैं ।
(4) विद्यार्थी A : संविधान उन नियमों को पेश करता है जो हमारे राजनीतिक नेताओं द्वारा सत्ता के दुरुपयोग से रक्षा करते हैं ।

49. निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए :
*अभिकथन (A) :*
विद्यार्थियों को चित्रों के द्वारा दुनिया के अलग-अलग क्षेत्रों की भिन्न-भिन्न प्रकार की वनस्पतियों के बारे में समझाने हेतु कतरन रजिस्टर (स्क्रैपबुक) एक कारगर तरीका है ।
*कारण (R) :*
एक कतरन रजिस्टर (स्क्रैपबुक) का मूल्यांकन उसमें इस्तेमाल विभिन्न सामग्रियों के मूल्य के आधार पर ही किया जाना चाहिए ।
(1) (A) सही है, परन्तु (R) ग़लत है ।
(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है ।
(3) (A) ग़लत है, परन्तु (R) सही है ।
(4) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।

50. विद्यार्थियों के तथ्यात्मक ज्ञान की जाँच के लिए किस तरह के प्रश्न पूछे जा सकते हैं ?
(1) पारिभाषिक शब्दावली का ज्ञान
(2) वर्गीकरणों और श्रेणियों का ज्ञान
(3) रणनीतिक ज्ञान
(4) विषय-विशेष कौशल का ज्ञान

**51.** If Greenwich Meridian Time is 12 noon, then what will be the time at 45° East longitude ?
(1) 9 a.m.
(2) 3 p.m.
(3) 10 a.m.
(4) 2 p.m.

**52.** Sea caves are formed in coastal areas. Select the suitable reason for formation of sea caves :
(1) Erosion and deposition by waves
(2) Wind erosion
(3) Man made activity
(4) Falling of rocks

**53.** Natural vegetation varies from place to place. Why do evergreen trees grow near equatorial region ?
Choose the appropriate reason from the following :
(1) Moderate temperature and moderate rainfall
(2) Heavy rainfall and high temperature
(3) Low rainfall and high temperature
(4) Moderate rainfall and low temperature

**54.** Consider the following statements about latitudes. Which of the following is correct ?
(1) Arctic Circle is at $23\frac{1}{2}^{\circ}$ north of the equator.
(2) Tropic of Capricorn passes through southern hemisphere.
(3) Antarctic Circle is at $23\frac{1}{2}^{\circ}$ south of the equator.
(4) Tropic of Cancer passes through southern hemisphere.

**55.** An imaginary line drawn on a globe to divide it into two equal parts is known as the __________.
(1) Equator
(2) Tropic of Capricorn
(3) Arctic Circle
(4) Tropic of Cancer

**56.** Choose the correct statements about the globe from the following :
A. Longitudes and latitudes are drawn on the globe.
B. It is tilting on its axis.
C. It is a true model of the Earth.
D. It is oval in shape.
Choose the correct option :
(1) B, C and D
(2) A, B and D
(3) A, C and D
(4) A, B and C

**51.** यदि ग्रीनिच याम्योत्तर समय दोपहर के 12 बजे का है, तो 45° पूर्व देशांतर पर क्या समय होगा ?
(1) 9 बजे पूर्वाह्न
(2) 3 बजे अपराह्न
(3) 10 बजे पूर्वाह्न
(4) 2 बजे अपराह्न

**52.** तटीय क्षेत्रों में समुद्री गुफाएँ बनती हैं । समुद्री गुफाओं के निर्माण के लिए उपयुक्त कारण का चयन कीजिए :
(1) तरंगों द्वारा अपरदन एवं निक्षेपण
(2) पवन अपरदन
(3) मानव निर्मित गतिविधि
(4) शैलों का गिरना

**53.** स्थान परिवर्तन से प्राकृतिक वनस्पति में भी परिवर्तन होता है । सदाबहार वृक्ष, भूमध्यवर्ती प्रदेश के समीप ही क्यों उगते हैं ?
निम्नलिखित में से उपयुक्त कारण का चयन कीजिए :
(1) मध्य तापमान और मध्य वर्षा
(2) भारी वर्षा और उच्च तापमान
(3) निम्न वर्षा और उच्च तापमान
(4) मध्य वर्षा और निम्न तापमान

**54.** अक्षांशों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए । निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?
(1) उत्तर-ध्रुवीय वृत्त विषुवत रेखा के $23\frac{1}{2}^{\circ}$ उत्तर में स्थित है ।
(2) मकर रेखा दक्षिणी गोलार्ध से होकर गुज़रती है ।
(3) दक्षिण-ध्रुवीय वृत्त विषुवत रेखा के $23\frac{1}{2}^{\circ}$ दक्षिण में स्थित है ।
(4) कर्क रेखा दक्षिणी गोलार्ध से होकर गुज़रती है ।

**55.** ग्लोब को दो बराबर भागों में बाँटने के लिए खींची गई काल्पनिक रेखा को __________ कहा जाता है ।
(1) विषुवत रेखा
(2) मकर रेखा
(3) उत्तर-ध्रुवीय वृत्त
(4) कर्क रेखा

**56.** निम्नलिखित में से ग्लोब के बारे में सही कथनों का चयन कीजिए :
A. ग्लोब पर अक्षांश और देशांतर खींचे गए हैं ।
B. यह अपने अक्ष पर झुकी हुई अवस्था में है ।
C. यह पृथ्वी का वास्तविक प्रतिरूप है ।
D. यह अंडाकार आकृति में है ।
सही विकल्प का चयन कीजिए :
(1) B, C और D
(2) A, B और D
(3) A, C और D
(4) A, B और C

**57.** Stratosphere has ideal conditions for flying aeroplanes. Choose the correct reason :

(1) High air pressure

(2) Low air pressure

(3) Free from clouds and related weather phenomena

(4) Windy conditions

**58.** Match the following pairs correctly :

| | *Column I* | | *Column II* |
|---|---|---|---|
| A. | Ozone layer | I. | Troposphere |
| B. | Radio transmission | II. | Exosphere |
| C. | Weather phenomenon | III. | Stratosphere |
| D. | Thin air | IV. | Thermosphere |

Choose the correct option :

(1) A-II, B-III, C-IV, D-I

(2) A-I, B-II, C-III, D-IV

(3) A-IV, B-I, C-II, D-III

(4) A-III, B-IV, C-I, D-II

**59.** Gulf Stream is a warm ocean current because it ________.

(1) moves from poles to equator

(2) gets heated from underground

(3) gets heated by hot springs

(4) originates near the equator

**60.** Match the following pairs :

| | *Types of Farming* | | *Areas / Regions* |
|---|---|---|---|
| A. | Shifting cultivation | I. | Semi-arid and arid regions |
| B. | Commercial grain farming | II. | Thickly populated areas |
| C. | Intensive subsistence agriculture | III. | Thickly forested areas |
| D. | Nomadic herding | IV. | Temperate Grasslands |

Choose the correct option :

(1) A-I, B-II, C-IV, D-III

(2) A-III, B-IV, C-II, D-I

(3) A-II, B-III, C-I, D-IV

(4) A-IV, B-I, C-III, D-II

**61.** Choose the ***false*** statement from the following statements on 'Energy Resources'.

(1) Biogas causes greenhouse effect.

(2) Solar energy is renewable energy.

(3) Tidal energy is exhaustible.

(4) Wind energy is non-polluting.

**57.** समतापमंडल की परिस्थितियाँ हवाई जहाज़ उड़ाने के लिए आदर्श होती हैं । सही कारण का चयन कीजिए :

(1) उच्च वायु दाब

(2) निम्न वायु दाब

(3) बादलों एवं मौसम संबंधी घटनाओं से मुक्त होना

(4) आँधी वाली परिस्थितियाँ (तेज़ पवन)

**58.** निम्नलिखित युगलों का सही मिलान कीजिए :

| | *कॉलम I* | | *कॉलम II* |
|---|---|---|---|
| A. | ओज़ोन परत | I. | क्षोभमंडल |
| B. | रेडियो प्रेषण | II. | बहिर्मंडल |
| C. | मौसम संबंधी घटनाएँ | III. | समतापमंडल |
| D. | पतली वायु | IV. | बाह्य वायुमंडल |

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) A-II, B-III, C-IV, D-I

(2) A-I, B-II, C-III, D-IV

(3) A-IV, B-I, C-II, D-III

(4) A-III, B-IV, C-I, D-II

**59.** गल्फ स्ट्रीम, गर्म महासागरीय जलधारा है क्योंकि ये ________ ।

(1) ध्रुवों से भूमध्यरेखा की ओर चलती है

(2) अंतर्भौम (भूमि के नीचे) से गर्म होती है

(3) गर्म पानी के झरनों (स्रोतों) द्वारा गर्म होती है

(4) भूमध्यरेखा के निकट उत्पन्न होती है

**60.** निम्नलिखित युगलों का मिलान कीजिए :

| | *कृषि के प्रकार* | | *क्षेत्र/प्रदेश* |
|---|---|---|---|
| A. | स्थानांतरी कृषि | I. | अर्ध-शुष्क और शुष्क प्रदेश |
| B. | वाणिज्यिक अनाज कृषि | II. | सघन जनसंख्या वाले क्षेत्र |
| C. | गहन निर्वाह कृषि | III. | सघन वन वाले क्षेत्र |
| D. | चलवासी पशुचारण | IV. | शीतोष्ण घास के मैदान |

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) A-I, B-II, C-IV, D-III

(2) A-III, B-IV, C-II, D-I

(3) A-II, B-III, C-I, D-IV

(4) A-IV, B-I, C-III, D-II

**61.** निम्नलिखित कथनों में से 'ऊर्जा संसाधनों' पर ***असत्य*** कथन का चयन कीजिए ।

(1) बायोगैस, ग्रीनहाउस प्रभाव का कारण होती है ।

(2) सौर ऊर्जा नवीकरणीय ऊर्जा है ।

(3) ज्वारीय ऊर्जा समाप्य होती है ।

(4) पवन ऊर्जा प्रदूषण-मुक्त होती है ।

**62.** Which of the following means of transport is cheapest for carrying heavy and bulky goods over long distances ?
(1) Waterways
(2) Railways
(3) Airways
(4) Roadways

**63.** Suggest the type of resources we should use more, in order to save our environment.
(1) Non-renewable resources
(2) Renewable resources
(3) Human made resources
(4) Abiotic resources

**64.** During a class activity, the teacher asked students to select dolls which identified closely with Adivasis. Most of the students picked up dolls wearing colourful clothes, head gear and in dancing postures. What does this behaviour demonstrate ?
(1) Discrimination
(2) Stereotype
(3) Progressiveness
(4) Prejudice

**65.** Being prejudiced towards someone implies :
A. To judge them negatively.
B. To consider them superior.
C. To disrespect those who are different.
D. To discriminate against members of a group.

Choose the correct option :
(1) A, C and D
(2) B, C and D
(3) A, B, C and D
(4) A, B and C

**66.** Read the following statements and choose the correct option :

*Assertion (A) :*
Federal system fulfils the needs and demands of the cultural diversities in India.

*Reason (R) :*
It establishes multiple levels of governance in the country.

(1) (A) is true, but (R) is false.
(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).
(3) (A) is false, but (R) is true.
(4) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

**62.** निम्नलिखित में से यातायात का कौन-सा साधन अधिक दूरी में भारी एवं बड़े आकार वाले सामानों को ढोने के लिए सबसे सस्ता है ?
(1) जलमार्ग
(2) रेलमार्ग
(3) वायुमार्ग
(4) सड़कमार्ग

**63.** अपने पर्यावरण को बचाने के लिए जिस प्रकार के संसाधनों का हमें अधिक उपयोग करना चाहिए, वह सुझाइए ।
(1) अनवीकरणीय संसाधनों
(2) नवीकरणीय संसाधनों
(3) मानव निर्मित संसाधनों
(4) अजैव संसाधनों

**64.** एक कक्षा गतिविधि के समय, शिक्षक ने विद्यार्थियों से आदिवासियों जैसी दिखने वाली गुड़िया का चयन करने के लिए कहा । अधिकांश विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे कपड़े पहने हुई, सिर पर मुकुट लगाए और नृत्य मुद्रा वाली गुड़ियाँ उठा लीं । यह व्यवहार क्या दिखाता है ?
(1) भेदभाव
(2) रूढ़िवाद
(3) प्रगतिशीलता
(4) पूर्वाग्रह

**65.** किसी के प्रति पूर्वाग्रही होने का अर्थ है :
A. उन्हें नकारात्मक रूप से देखना ।
B. उन्हें उत्तम (श्रेष्ठ) मानना ।
C. जो लोग भिन्न हैं उनका अनादर करना ।
D. समूह के सदस्यों के विरुद्ध भेदभाव करना ।

सही विकल्प का चयन कीजिए :
(1) A, C और D
(2) B, C और D
(3) A, B, C और D
(4) A, B और C

**66.** निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए :

*अभिकथन (A) :*
संघीय व्यवस्था, भारत में सांस्कृतिक विविधताओं की आवश्यकताओं तथा माँगों का पालन करती है ।

*तर्क (R) :*
यह देश में अभिशासन के बहुलित चरण (स्तर) स्थापित करती है ।

(1) (A) सही है, परन्तु (R) ग़लत है ।
(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है ।
(3) (A) ग़लत है, परन्तु (R) सही है ।
(4) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।

**67.** Which of the following incidents are identified as violative of 'The Scheduled Castes and the Scheduled Tribes (Prevention of Atrocities) Act, 1989' ?

A. Violence by 'upper caste' people against Scheduled Caste people.
B. Forcing a member of a Scheduled Caste community to eat obnoxious substance.
C. Allowing non-tribal timber merchants to exploit tribal land.
D. Marrying a member of Scheduled Caste community.

Choose the correct option :

(1) A, B and D
(2) A, C and D
(3) A, B, C and D
(4) A, B and C

**68.** "The Mid-day meal scheme has helped reduce caste prejudices among students and promoted social justice." Explain the statement by choosing the correct option.

A. Children of all castes eat together.
B. In many places, Dalit women are employed to cook meals.
C. Enrolment of poor children in schools has increased many times.
D. Reduced the dropout rates in schools.

Options :

(1) A, B and D
(2) A, C and D
(3) A, B, C and D
(4) A, B and C

**69.** Which among the following provisions ensures independence of Indian Judicial system ?

A. The legislature is not involved in the process of appointment of judges
B. Fixed tenure of judges
C. Parliament cannot discuss the conduct of judges
D. The President administers the oath to the Chief Justice of Supreme Court

Choose the correct option :

(1) A, B and D
(2) A, C and D
(3) A, B, C and D
(4) A, B and C

**67.** निम्नलिखित में से किन घटनाओं की पहचान 'अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार रोकथाम) अधिनियम, 1989 के उल्लंघन के रूप में की गई' ?

A. 'ऊँची जाति' के लोगों द्वारा अनुसूचित जाति के लोगों के विरुद्ध हिंसा ।
B. अनुसूचित जाति समुदाय के सदस्य को आपत्तिजनक पदार्थ खाने के लिए बाध्य करना ।
C. ग़ैर-आदिवासी लकड़ी व्यापारियों को जनजातीय भूमि के दोहन की अनुमति देना ।
D. अनुसूचित जाति समुदाय के सदस्य से विवाह करना ।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) A, B और D
(2) A, C और D
(3) A, B, C और D
(4) A, B और C

**68.** "मध्याह्न भोजन योजना ने विद्यार्थियों में जातिगत पूर्वाग्रहों को कम करने में सहायता की है तथा सामाजिक न्याय को बढ़ावा दिया है ।" सही विकल्प के चयन द्वारा कथन को समझाइए ।

A. सभी जातियों के बच्चे साथ-साथ खाते हैं ।
B. कई स्थानों में, दलित महिलाओं को खाना पकाने के लिए रखा गया है ।
C. स्कूलों में ग़रीब बच्चों का प्रवेश लेना कई गुना बढ़ गया है ।
D. स्कूल छोड़ने की दरों में कमी आई है ।

विकल्प :

(1) A, B और D
(2) A, C और D
(3) A, B, C और D
(4) A, B और C

**69.** निम्नलिखित में से कौन-से प्रावधान भारतीय न्यायिक व्यवस्था की स्वतंत्रता सुनिश्चित करते हैं ?

A. न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया में विधायिका शामिल नहीं होती है
B. न्यायाधीशों का निश्चित कार्यकाल
C. न्यायाधीशों के आचरण की संसद चर्चा नहीं कर सकती है
D. सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को शपथ राष्ट्रपति दिलाते हैं

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) A, B और D
(2) A, C और D
(3) A, B, C और D
(4) A, B और C

**70.** The work performed by a homemaker goes unnoticed and unpaid as compared to the official work performed by an office going lady who gets salary and respect. Examine the possible reason behind this :

(1) Overvaluation of official work
(2) Less time taken for household work
(3) Patriarchal set-up of Indian society
(4) Devaluation of household work

**71.** The Supreme Court has interpreted Right to food, Right to privacy and Right to pollution-free water and air under the ambit of which Fundamental Right granted to Indian citizens ?

(1) Article 19
(2) Article 21
(3) Article 14
(4) Article 20

**72.** "Indian secularism is different from secularism practised in the USA." Identify the correct options from below which identify the differences between the two.

A. In USA, neither the state nor religion can interfere in each other's matters.
B. In the Indian Constitution, there is a provision for Protection of Minority Rights.
C. Both USA and India maintain strict separation between state affairs and religious affairs.
D. In USA, state can allow religious reforms, unlike India.

Choose the correct option :

(1) B and C
(2) A and C
(3) C and D
(4) A and B

**73.** The term "All persons are equal before the law" means :

A. that all the citizens regardless of their socio-economic status have to obey the same law.
B. no person can be discriminated against, in the eyes of the law, on the grounds of race/colour, religion, caste or gender.
C. inequalities cease to exist.
D. it ensures fair opportunities and a life of dignity for all the citizens.

Choose the correct option :

(1) A, B and D
(2) B, C and D
(3) A, B, C and D
(4) A, B and C

**70.** ऑफिस जाने वाली महिला जिसे वेतन एवं सम्मान मिलता है द्वारा निष्पादित ऑफिस संबंधी काम की तुलना में घरेलू महिला द्वारा निष्पादित काम अनदेखा तथा अदत्त जाता है । इसके पीछे के संभाव्य कारण की जाँच कीजिए :

(1) कार्यालयी काम का अतिमूल्यन
(2) घरेलू काम के लिए कम समय लगना
(3) भारतीय समाज की पितृक व्यवस्था
(4) घरेलू काम का अवमूल्यन

**71.** भारतीय नागरिकों को अनुदत्त किस मौलिक अधिकार की परिधि के अंतर्गत सर्वोच्च न्यायालय ने भोजन के अधिकार, निजता के अधिकार तथा प्रदूषण-मुक्त जल एवं वायु के अधिकार की व्याख्या की है ?

(1) अनुच्छेद 19
(2) अनुच्छेद 21
(3) अनुच्छेद 14
(4) अनुच्छेद 20

**72.** "भारतीय धर्मनिरपेक्षता, अमेरिकी धर्मनिरपेक्षता से भिन्न है ।" दोनों के बीच के भेदों की पहचान करने वाले सही विकल्पों की निम्नलिखित में से पहचान कीजिए ।

A. अमेरिका में, राज्य और धर्म में से कोई भी एक-दूसरे के मामलों में हस्तक्षेप नहीं कर सकता है ।
B. भारतीय संविधान में अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सुरक्षा का प्रावधान है ।
C. अमेरिका और भारत दोनों ही राज्य के मामलों और धार्मिक मामलों में स्पष्ट पृथक्कीकरण बनाए रखते हैं ।
D. अमेरिका में, भारत के विपरीत, राज्य धार्मिक सुधारों की अनुमति दे सकता है ।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) B और C
(2) A और C
(3) C और D
(4) A और B

**73.** "सभी व्यक्ति कानून की दृष्टि में समान हैं" वाक्य का अर्थ है :

A. सभी नागरिकों को अपने सामाजिक-आर्थिक स्तर के अनपेक्ष समान कानून का पालन करना होगा ।
B. कानून की दृष्टि में, किसी भी व्यक्ति के साथ उसके नस्ल/वर्ण, धर्म, जाति अथवा जेंडर के आधार पर भेदभाव नहीं किया जा सकता है ।
C. असमानताएँ समाप्त हो गईं ।
D. यह समस्त नागरिकों के लिए निष्पक्ष अवसर तथा गौरवमय जीवन सुनिश्चित करता है ।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) A, B और D
(2) B, C और D
(3) A, B, C और D
(4) A, B और C

**74.** Which of the following pairs are correctly matched ?

| | I<br>*Work* | | II<br>*Forms of Employment* |
|---|---|---|---|
| A. | Mason | – | Daily wage labourers |
| B. | Domestic worker | – | Casual workers |
| C. | Vegetable vendor | – | Self-employed |
| D. | Supervisor in a shop | – | Businesspersons |

Choose the correct option :

(1) A, B and D

(2) A, B and C

(3) A, C and D

(4) A and B

**74.** निम्नलिखित में से कौन-से युग्म सही सुमेलित हैं ?

| | I<br>*काम* | | II<br>*रोज़गार के प्रकार* |
|---|---|---|---|
| A. | राजमिस्त्री | – | दिहाड़ी मज़दूर |
| B. | घरेलू कामगार | – | अनियमित मज़दूर |
| C. | सब्ज़ी विक्रेता | – | स्वरोज़गार |
| D. | दुकान में सुपरवाइज़र | – | व्यवसायी |

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) A, B और D

(2) A, B और C

(3) A, C और D

(4) A और B

**75.** The cities have witnessed increasing rural-urban migration which has resulted in growth of slum areas near the industrial sites. The reasons for this type of migration are :

A. Deterioration in living standards in urban areas

B. Disruption of rural labour market

C. Decreased agricultural productivity

D. Increased skilled workforce in rural areas

Choose the correct option :

(1) A, B and D

(2) A, C and D

(3) A, B, C and D

(4) B and C

**75.** ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों में बढ़ते प्रवसन के परिणामस्वरूप, शहरों में औद्योगिक स्थलों के निकट स्लम क्षेत्रों में वृद्धि देखी गई है । इस प्रकार के प्रवसन के कारण हैं :

A. शहरी क्षेत्रों में जीवन के स्तर में अधोगति

B. ग्रामीण कामगार बाज़ार में विघटन

C. घटी हुई कृषि उत्पादकता

D. ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ी हुई कुशल कार्यबल की संख्या

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) A, B और D

(2) A, C और D

(3) A, B, C और D

(4) B और C

**76.** Which among the following services can be included in the 'Public Services' ?

A. Police Services

B. Judicial Services

C. Educational Services

D. Construction Services

Choose the correct option :

(1) A, B and D

(2) B, C and D

(3) A, B, C and D

(4) A, B and C

**76.** निम्नलिखित में से किन सेवाओं को 'सार्वजनिक सेवाओं' में सम्मिलित किया जा सकता है ?

A. पुलिस सेवाएँ

B. न्यायिक सेवाएँ

C. शैक्षिक सेवाएँ

D. निर्माण सेवाएँ

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) A, B और D

(2) B, C और D

(3) A, B, C और D

(4) A, B और C

**77.** The Ilbert Bill was opposed in 1883 because :

A. Indians opposed the Bill as it gave a free hand to the British government to have trials of Indians without evidence.

B. Britishers opposed the Bill as Indians could take up trial of British or European people.

C. the Bill sought equality between British and Indian judges.

D. the Bill was racist towards Indian people.

Choose the correct option :

(1) Only C
(2) B and C
(3) Only D
(4) A and D

**78.** Consider the following statements with reference to post-independence India :

*Assertion (A) :*

Despite constitutional recognition of equality before law, some Indians are more equal than others.

*Reason (R) :*

The ideals set out in the Indian Constitution have not yet been fulfilled.

Choose the correct option :

(1) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct reason for (A).
(2) (A) is false, but (R) is true.
(3) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct reason for (A).
(4) (A) is true, but (R) is false.

**79.** Below are two statements A and B in the context of Khilafat Movement.

A. In 1920, the British imposed a harsh treaty on the Turkish Sultan (Khalifa).

B. Indian Muslims were keen that the Khalifa was not allowed to retain control over Muslim sacred places in the erstwhile Ottoman empire.

Choose the correct option :

(1) A is true, but B is false.
(2) Both A and B are false.
(3) A is false, but B is true.
(4) Both A and B are true.

**77.** 1883 में इल्बर्ट बिल के लागू करने पर विरोध हुआ क्योंकि :

A. भारतीयों ने इसका विरोध किया क्योंकि इस बिल ने ब्रिटिश सरकार को बिना सबूत के भारतीयों पर मुक़दमा चलाने की छूट दे दी थी ।

B. अंग्रेज़ों ने इस बिल का विरोध किया क्योंकि अब भारतीय भी ब्रिटिश या यूरोपीय व्यक्तियों पर मुक़दमा चला सकते थे ।

C. बिल ने अंग्रेज़ और भारतीय न्यायाधीशों के बीच समानता स्थापित करने का प्रयास किया ।

D. बिल भारतीय लोगों के प्रति नस्लवादी नज़रिया रखता था ।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) केवल C
(2) B और C
(3) केवल D
(4) A और D

**78.** स्वतंत्र भारत के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

*कथन (A) :*

हमारा संविधान कानून की नज़र में सबको बराबर मानता है, लेकिन असल ज़िंदगी में कुछ भारतीय औरों के मुकाबले ज़्यादा बराबर हैं ।

*कारण (R) :*

भारतीय संविधान में तय किए गए आदर्शों को हम अभी तक साकार नहीं कर पाए हैं ।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही कारण है ।
(2) (A) ग़लत है, परन्तु (R) सही है ।
(3) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) का सही कारण ***नहीं*** है ।
(4) (A) सही है, परन्तु (R) ग़लत है ।

**79.** नीचे दो कथन A और B, ख़िलाफत आंदोलन के संदर्भ में हैं ।

A. 1920 में, अंग्रेज़ों ने तुर्की के सुल्तान (खलीफ़ा) पर बहुत सख़्त संधि थोप दी थी ।

B. भारतीय मुसलमान चाहते थे कि पुराने ओटोमन साम्राज्य में स्थित पवित्र मुस्लिम स्थानों पर खलीफ़ा का नियंत्रण नहीं होना चाहिए था ।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) A सही है, परन्तु B ग़लत है ।
(2) A और B दोनों ग़लत हैं ।
(3) A ग़लत है, परन्तु B सही है ।
(4) A और B दोनों सही हैं ।

**80.** Read the following statements and choose the correct option :

*Assertion (A) :*

As the indigo trade grew, commercial agents and officials of the Company began investing in indigo production.

*Reason (R) :*

Attracted by the prospect of high profits, numerous Scotsmen and Englishmen came to India and became planters.

(1) (A) is true, but (R) is false.
(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).
(3) (A) is false, but (R) is true.
(4) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

**81.** Which of the following statements are true about Buddha's teachings ?

A. Our sufferings and unhappiness are a result of our past births.
B. Our sufferings and unhappiness are a result of our cravings and desires.
C. All believers had to accept and follow the teachings of Buddha for a happy life.

Choose the correct option :

(1) B and C
(2) A and C
(3) A, B and C
(4) A and B

**82.** The increased demand for Indian textiles in European markets in the sixteenth and seventeenth centuries led to the following changes for Indian weavers :

A. Expanding crafts of spinning, bleaching and dyeing
B. Increased independence in working of craftspersons
C. Variety in designs and increased creativity of craftspersons
D. Working on a new system of advance payments from agents

Choose the correct option :

(1) A and D
(2) B and C
(3) C and D
(4) A and B

**80.** निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए :

*अभिकथन (A) :*

जैसे-जैसे नील का व्यापार बढ़ा, व्यावसायिक प्रतिनिधि तथा कम्पनी के कर्मचारी भी नील उत्पादन में निवेश करने लगे ।

*कारण (R) :*

इसमें होने वाले अधिक लाभ से आकर्षित होकर, बहुत से लोग स्कॉटलैंड और इंग्लैंड से भारत आए और बाग़ान-मालिक बन गए ।

(1) (A) सही है, परन्तु (R) ग़लत है ।
(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है ।
(3) (A) ग़लत है, परन्तु (R) सही है ।
(4) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।

**81.** निम्नलिखित में से कौन-से कथन बुद्ध के उपदेशों के संबंध में सही हैं ?

A. हमारे कष्ट और दुख हमारे पिछले जन्मों के परिणाम हैं ।
B. हमारे कष्ट और दुख हमारी लालसाओं और इच्छाओं की वजह से हैं ।
C. एक खुशहाल जीवन के लिए बुद्ध के सभी अनुयायियों को उनके उपदेशों को मानना और पालन करना आवश्यक था ।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) B और C
(2) A और C
(3) A, B और C
(4) A और B

**82.** सोलहवीं और सत्रहवीं शताब्दियों में यूरोपीय बाज़ारों में भारतीय कपड़ों की माँग में तेज़ी आने से भारत के बुनकरों में निम्नलिखित परिवर्तन आए :

A. अधिकाधिक लोगों ने कताई, धुलाई और रंगाई का धंधा अपना लिया
B. शिल्पकारों के कामकाज में स्वतंत्रता में बढ़ोतरी
C. डिज़ाइनों में बहुलता और शिल्पकारों की कलात्मकता में बढ़ोतरी
D. एजेंटों से पहले ही पेशगी लेकर काम करने की नई प्रणाली

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) A और D
(2) B और C
(3) C और D
(4) A और B

**83.** Jyotirao Phule's book of 1873 on the dismal conditions of 'lower' castes was dedicated to :

(1) Nationalists of anti-colonial movement of India.

(2) Bhakti singers.

(3) Anti-slavery activists of American Civil War.

(4) Brahmo Samaj reformers.

**84.** Consider the following statements :

A. By the second half of the nineteenth century, people from within the non-Brahmin castes began organising movements against caste discrimination and demanded social equality and justice.

B. The Satnami Movement in Central India was founded by Ghasidas who worked among the leather workers and organised a movement to improve their social status.

Choose the correct option :

(1) A is true, but B is false.

(2) Both A and B are true, but B is ***not*** an example of A.

(3) Both A and B are false.

(4) Both A and B are true and B is an example of A.

**85.** Who among the following reinterpreted verses from Quran to argue for women's education ?

(1) Begum Anis Qidwai

(2) Mumtaz Ali

(3) Hajara Beebi Ismail

(4) Begum Rokeya Sakhawat Hossain

**86.** We know very less about tribal groups in the medieval period because :

(1) they did not keep written records so there is less information.

(2) they were not living in areas where medieval rulers ventured.

(3) they came into limelight only after the British established their rule.

(4) they were isolated and lived in seclusion.

**83.** 'निम्न' जातियों की दुर्दशा पर ज्योतिराव फूले की 1873 में आई किताब समर्पित है :

(1) भारत के उपनिवेशवाद-विरोधी आंदोलन के राष्ट्रवादियों को ।

(2) भक्ति गायकों को ।

(3) अमेरिकी गृह युद्ध में दास प्रथा का विरोध करने वाले कार्यकर्ताओं को ।

(4) ब्रह्मो समाज सुधारकों को ।

**84.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

A. उन्नीसवीं सदी के दूसरे अर्ध तक, ग़ैर-ब्राह्मण जातियों के भीतर से भी लोग जातीय भेदभाव के खिलाफ आवाज़ उठाने लगे और सामाजिक समानता और न्याय की माँग करते हुए आंदोलनों की शुरुआत की ।

B. मध्य भारत में सतनामी आंदोलन की शुरुआत घासीदास ने की, जिन्होंने चमड़े का काम करने वालों के बीच काम किया एवं उनको संगठित किया और उनकी सामाजिक स्थिति में सुधार के लिए आंदोलन किया ।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) A सही है, परन्तु B ग़लत है ।

(2) A और B दोनों सही हैं, परन्तु B, A का उदाहरण ***नहीं*** है ।

(3) A और B दोनों ग़लत हैं ।

(4) A और B दोनों सही हैं और B, A का उदाहरण है ।

**85.** निम्नलिखित में से किसने कुरान की आयतों की पुनर्व्याख्या करके कहा कि महिलाओं को भी शिक्षा का अधिकार मिलना चाहिए ?

(1) बेगम अनीस किदवई

(2) मुमताज़ अली

(3) हजारा बीबी इस्माइल

(4) बेगम रुकैया सखावत हुसैन

**86.** मध्यकाल में जनजातीय समूहों के बारे में हमें बहुत कम जानकारी है क्योंकि :

(1) वे लिखित दस्तावेज़ नहीं रखते थे इसलिए उनके बारे में कम जानकारी उपलब्ध है ।

(2) वे उन इलाकों में नहीं रहते थे जहाँ मध्यकालीन शासक गए ।

(3) ब्रिटिश शासन के स्थापित होने के बाद ही वे लोगों की नज़र में आ पाए ।

(4) वे अलगाव में थे और एकांत में रहते थे ।

**87.** "In the register of God's creation, since her account did not fall under the column of men, how did she gain from all of her excellent qualities?" For whom was this passage written in the thirteenth century ?

(1) Didda

(2) Raziyya

(3) Gautami

(4) Rudramadevi

**88.** Which of the following statements is/are true about technology used in the twelfth century ?

A. Arches were constructed to transfer the weight of the superstructure.

B. The centre of the arch was called the base stone.

Choose the correct option :

(1) Only A

(2) Neither A nor B

(3) Only B

(4) Both A and B

**89.** In which of the following Palaeolithic sites, were tools made of limestone found ?

(1) Koldihwa

(2) Inamgaon

(3) Brahmagiri

(4) Hunsgi

**90.** Which one of the following is ***not*** true for Mahajanapadas regarding the collection of regular taxes ?

(1) Hunters and gatherers also had to provide forest produce to the Raja.

(2) There were taxes on goods that were bought and sold, through trade.

(3) Usually tax on crops was fixed at $\frac{1}{2}$ (half) of what was produced.

(4) Herders were expected to pay taxes in the form of animals and animal produce.

**87.** "खुदा की रचना के खाते में, उसका ब्योरा चूँकि मर्दों की सूची में नहीं आता, इसलिए इतनी शानदार खूबियों से भी उसे आखिर हासिल क्या हुआ ?" यह लेखांश तेरहवीं शताब्दी में किसके लिए लिखा गया था ?

(1) दिद्दा

(2) रज़िया

(3) गौतमी

(4) रुद्रमादेवी

**88.** बारहवीं शताब्दी में प्रयुक्त प्रौद्योगिकी के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

A. मेहराबों का निर्माण अधिरचना के भार को स्थानांतरित करने के लिए किया जाता था ।

B. मेहराब का मध्य भाग आधारशिला कहलाता था ।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) केवल A

(2) न तो A और न ही B

(3) केवल B

(4) A तथा B दोनों

**89.** निम्नलिखित में से कौन-से पुरापाषाण स्थल में चूना-पत्थर से बने औज़ार मिले थे ?

(1) कोल्डिहवा

(2) इनामगाँव

(3) ब्रह्मगिरि

(4) हुँस्गी

**90.** निम्नलिखित में से कौन-सा महाजनपदों के नियमित रूप से कर वसूलने के संदर्भ में सही ***नहीं*** है ?

(1) आखेटकों तथा संग्राहकों को भी जंगल से प्राप्त वस्तुएँ राजा को देनी होती थीं ।

(2) व्यापार में खरीदी व बेची जाने वाली वस्तुओं पर कर लगाया जाता था ।

(3) ज़्यादातर फ़सलों पर कर उपज का $\frac{1}{2}$ (आधा) हिस्सा निर्धारित होता था ।

(4) चरवाहों को जानवरों या उनके उत्पाद के रूप में कर देना पड़ता था ।

Candidates should answer questions from the following Part only if they have opted for ENGLISH as LANGUAGE – I.

परीक्षार्थी निम्नलिखित भाग के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा – I** का विकल्प **अंग्रेज़ी** चुना हो ।

# PART IV
# LANGUAGE I
# ENGLISH

***Directions** : Answer the following questions by selecting the **correct / most appropriate** option.*

**91.** A teacher showed a movie with the captions to learners in Class VI. The movie is based on one of the chapters in the textbook. The movie with captions on will encourage :

(1) listening strategies, active viewing, and motivating the students to use authentic language material.
(2) active viewing and listening.
(3) the students to watch more such movies.
(4) listening strategies by verbal clues and to appreciate the actions of actors, and to write a review.

**92.** Read the following statements and choose the correct option :

*Assertion (A) :*
A child in his early childhood stage uses more verbs than nouns and ignores the grammar rules.
*Reason (R) :*
They lack vocabulary range.

(1) (A) is true, but (R) is false.
(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).
(3) (A) is false, but (R) is true.
(4) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

**93.** A child shares her language classroom experiences with her mother and says that sometimes we cover our eyes and the teacher asks us to pick an object out of a bag. Then we have to try to describe it. It's a really good way to learn.

This comment shows the child's preference of learning. Identify her preference.

(1) I remember language well when I move.
(2) I remember language well when I hear it.
(3) I remember language well when I copy it.
(4) I remember language well when I see it.

**94.** Read the example of what a learner does and choose the strategy that matches the example.
"If I don't know what something means, I look it up."

(1) Consulting reference materials
(2) Using opportunities for practice
(3) Confused state of mind
(4) Focusing on collocations

**95.** A diagnostic test is used to assess :

(1) learners' ability to summarise the main points in a text.
(2) learners' ability to recognise their own language mistakes.
(3) and rank learners in order of achievement.
(4) learners' strong and weak points in language.

**96.** A proficiency test always assesses :

(1) the level of language that learners have reached.
(2) the language that students have been taught.
(3) the multisensory learning experiences.
(4) the language of daily conversation.

**97.** A teacher divided learners into groups, and asked them to do a quiz about 'elephants' before reading a story about them. The objective of the teacher is to :

(1) generate interest in a topic.
(2) give peer feedback.
(3) write a text review.
(4) test their memory.

**98.** In a language classroom, a student is disturbing the class. To handle this disruptive student, the teacher should :

(1) first talk to the children to offer remedies.

(2) address the diligent students.

(3) depend on the parents to offer remedies.

(4) report the behaviour of the student to the school authority.

**99.** When students "brainstorm ideas, organise, draft, edit and revise their work," which skill does this process reflect ?

(1) Reading skill

(2) Speaking skill

(3) Writing skill

(4) Listening skill

**100.** Read the following statements and choose the correct option :

*Assertion (A) :*

Reading and writing skills help in critical thinking at the primary level.

*Reason (R) :*

Critical thinking is a sub-skill of reading and writing.

(1) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(2) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(3) (A) is false, but (R) is true.

(4) (A) is true, but (R) is false.

**101.** Language skills are best learnt :

(1) with the help of challenging and mechanical language drills.

(2) if the teacher focuses on one skill at a time.

(3) if they are dealt with in an integrated manner.

(4) only through written tests and assignments.

**102.** To assess whether students have understood how to use the narrative skill, a teacher should ask students to :

(1) share an incident when they were surprised.

(2) circle the verbs and adjectives in the text.

(3) correct the mistakes in the use of describing words.

(4) read a story and answer comprehension-based questions.

**103.** A teacher of Class VII is facilitating the reading of books other than the prescribed textbooks. She is promoting their :

(1) Intensive reading

(2) Shared reading

(3) Extensive reading

(4) Guided reading

**104.** The principal asked the language teacher to select the textbooks and other resources for the new session. While selecting them, which one of the following is ***not*** relevant ?

(1) Adaptability of the books and resources

(2) Learning needs and languages known to children

(3) Level of the students

(4) Conceptual complexity and density of material

**105.** The teacher developed the criteria to monitor the use of language materials by learners. Which criteria are most important and helpful in monitoring the use of material ?

(1) Present, prepare and practice the material

(2) Usability, repetition and production of utterances

(3) Observation, feedback sessions and written reports

(4) Checklist, assumptions and learning outcomes

***Directions :*** *Read the extract given below and answer the questions (Q. Nos. 106 to 111) that follow by selecting the* ***correct/most appropriate*** *option.*

Love came to Flora asking for a flower
That would of flowers be undisputed queen,
The lily and the rose, long, long had been
Rivals for that high honor. Bards of power
Had sung their claims. 'The rose can never tower
Like the pale lily with her Juno mien' –
'But is the lily lovelier ?' Thus between
Flower-factions rang the strife in Psyche's bower.
'Give me a flower delicious as the rose
And stately as the lily in her pride' –
'But of what colour ?' – 'Rose-red', Love first chose,
Then prayed, 'No, lily-white – or, both provide;'
And Flora gave the lotus, 'rose-red' dyed,
And 'lily-white', the queenliest flower that blows.

**106.** Which of the following attributes is ***not*** associated with the lily ?

(1) The colour red
(2) Stateliness
(3) The colour pale white
(4) Loveliness

**107.** Read the following statements and choose the correct option :

*Assertion (A) :*

The poets did not declare the lily as the queen of flowers.

*Reason (R) :*

The lily was pale coloured.

(1) (A) is true, but (R) is not the only reason for it.
(2) (A) is not true, (R) is partially true.
(3) Both (A) and (R) are true.
(4) Both (A) and (R) are not true.

**108.** Psyche's garden echoed with the sounds of a dispute between the supporters of :

(1) Love and bards of power.
(2) the lotus and the rose.
(3) all the 3 flowers – rose, lotus and lily.
(4) the lily and the rose.

**109.** Identify the rhyme scheme in lines 1 – 4.

(1) abab
(2) aabb
(3) abba
(4) abcb

**110.** Identify the poetic devices in Line 1 and Line 10.

(1) anaphora, metaphor
(2) personification, simile
(3) metaphor, simile
(4) alliteration, simile

**111.** Complete the word analogy :

delicious : inviting :: strife : ?

(1) conflict
(2) melody
(3) adventure
(4) discussion

***Directions :*** *Read the passage given below and answer the questions (Q. Nos. 112 to 120) that follow by selecting the* ***correct/most appropriate*** *option.*

1 A majority of people think that their dream job is too hard to achieve, too competitive and believe that it is all a matter of luck. All this is true actually, but why should that stop anyone from trying to get the job they really want ? A really determined person will always succeed and, in many ways, will need other people to give up trying so that he can succeed.

2 Many job seekers feel limited by the choices they made at college. They may think that because they studied marketing, all they can ever do is work in marketing. All the evidence shows that, in fact, employers are less interested in acquired knowledge than the ability to think and learn. It is also very difficult to predict the needs of society. For example, if a person chose to study dentistry because there was a lack of dentists when he was in high school, that may not be the case when he graduates. The needs of employers and the economy can change very quickly, and often unexpectedly.

3 Of course, if it is a very tough time economically, it is hard to find employment straight after university, but it is by no means impossible. It might take several months longer to find a job after graduating, but there is work out there. A really key piece of advice is never to get downhearted by rejection because there will probably be a lot you can do to achieve your dream job, whatever it is. You

must never give up. Be prepared to work hard and for long hours without necessarily climbing up the career ladder. There is a lot to be said for learning your trade from the bottom up. At the start, there will probably be little money, but it will be worth it in the end. The best jobs are not supposed to be easy — that is what makes them challenging. And if you like a challenge, just keep your head down and go for it.

**112.** Read the following sentences :

A. Determined people succeed occasionally.

B. Few people believe that getting their dream job is a matter of luck.

C. A majority of the people think that dream jobs are highly competitive.

(1) B and C are incorrect, A is correct.

(2) A and B are incorrect, C is correct.

(3) A and B are correct, C is incorrect.

(4) A and C are incorrect, B is correct.

**113.** Why is it ***not*** easy to predict the needs of society ?

(1) Job seekers don't take appropriate career decisions.

(2) Employers only seek graduates who are knowledgeable.

(3) The needs of the employers and economy are changing at a fast pace.

(4) Because there is a lack of dentists in the society.

**114.** A job seeker who likes challenges should keep his head down. This means he should ______.

(1) walk away in anger

(2) bow down his head

(3) avoid troublesome situations

(4) confront challenging situations

**115.** What advice does the writer ***not*** give employment seekers in para 3 ?

(1) To be dejected by rejection

(2) To be prepared for long hours of work

(3) To never give up the search for a dream job

(4) To be patient in the search for a job

**116.** Identify the underlined words (parts of speech) in the following sentence :

A <u>majority</u> of people think that their dream job is too <u>hard</u> to achieve.

(1) noun, adjective

(2) adjective, noun

(3) adverb, noun

(4) noun, adverb

**117.** Job seekers <u>feel limited</u> by the choices they made at college.

The underlined phrase means :

(1) to feel dejected

(2) to feel constrained

(3) to feel limitless

(4) to feel confused

**118.** Read the following statements and choose the correct option :

*Assertion (A) :*

It is quite easy to get a job immediately after graduating from a university.

*Reason (R) :*

The economic scenario regarding job generation is difficult.

(1) (A) does not justify (R).

(2) Both (A) and (R) are incorrect.

(3) (A) is incorrect, but (R) is correct.

(4) Both (A) and (R) are correct.

**119.** 'Learning the trade from the bottom up' means :

(1) from the lowest to the highest in hierarchy.

(2) trading places with others.

(3) from your colleagues.

(4) inter-departmental learning.

**120.** Complete the word analogy :

expectedly : unexpectedly :: rejection : ?

(1) eviction

(2) probation

(3) dejection

(4) selection

Candidates should answer questions from the following Part only if they have opted for HINDI as LANGUAGE – I.

परीक्षार्थी निम्नलिखित भाग के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा – I** का विकल्प **हिंदी** चुना हो ।

# भाग IV
## भाषा I
## हिंदी

*निर्देश : नीचे दिए गए प्रश्नों के लिए **सही/सबसे उपयुक्त** विकल्प चुनिए ।*

**91.** एक अध्यापक ने कक्षा VI के शिक्षार्थियों को कैप्शन (शीर्षकों) के साथ एक फिल्म दिखायी । यह फिल्म पाठ्य-पुस्तक के एक अध्याय पर आधारित थी । कैप्शन के साथ दिखायी जा रही फिल्म किस बात के लिए प्रोत्साहित करेगी ?

(1) श्रवण युक्तियाँ, सक्रिय रूप से देखना और विद्यार्थियों को भाषा की प्रामाणिक सामग्री का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना

(2) सक्रिय रूप से देखना और सुनना

(3) इस तरह की और फिल्में देखने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना

(4) मौखिक संकेतों द्वारा श्रवण युक्तियाँ, पात्रों के अभिनय की सराहना और समीक्षा लिखना

**92.** निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए :

*अभिकथन (A) :*

अपने प्रारंभिक बाल्यावस्था में एक बच्चा संज्ञा की अपेक्षा क्रियाओं (वर्ब) का अधिक प्रयोग करता है और व्याकरणिक नियमों की अनदेखी करता है ।

*तर्क (R) :*

उनकी शब्द संपदा बहुत सीमित होती है ।

(1) (A) सही है, परन्तु (R) ग़लत है ।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है ।

(3) (A) ग़लत है, परन्तु (R) सही है ।

(4) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।

**93.** एक बालिका अपनी भाषा कक्षा का अनुभव माँ के साथ साझा करती है और कहती है कि कभी-कभी हम अपनी आँखें बंद करते हैं और हमें अध्यापिका अपने बस्ते में से कोई भी वस्तु निकालने के लिए कहती हैं । फिर हमें उस वस्तु के बारे में बताना होता है । यह सीखने का बहुत अच्छा तरीका है ।

बच्चे की यह टिप्पणी अधिगम के बारे में बच्चे की प्राथमिकता की ओर संकेत करती है । उसकी प्राथमिकता की पहचान कीजिए :

(1) जब मैं कुछ करती हूँ तो भाषा प्रयोग अच्छी तरह से याद कर लेती हूँ ।

(2) मैं जब सुनती हूँ तो भाषा प्रयोग अच्छी तरह से याद कर लेती हूँ ।

(3) जब मैं देख कर नकल करती हूँ तो भाषा प्रयोग अधिक अच्छी तरह से याद कर लेती हूँ ।

(4) मैं जब देखती हूँ तो भाषा प्रयोग अच्छी तरह से याद कर लेती हूँ ।

**94.** शिक्षार्थी क्या करती है, उस उदाहरण को पढ़ें और उदाहरण से मेल खाती हुई युक्ति का चयन कीजिए :

'यदि मुझे किसी का अर्थ समझ में नहीं आता तो मैं देखने का प्रयास करती हूँ ।'

(1) संदर्भ सामग्री की मदद लेना

(2) अभ्यास के लिए अवसरों का प्रयोग करना

(3) मस्तिष्क की भ्रमित स्थिति

(4) विन्यास पर ध्यान देना

**95.** नैदानिक परीक्षणों का प्रयोग किसके आकलन के लिए किया जाता है ?

(1) पाठ्य-वस्तु के मुख्य बिंदुओं का सारांशीकरण करने की योग्यता

(2) शिक्षार्थी की अपनी भाषा संबंधी गलतियों को स्वयं पहचानने की योग्यता

(3) शिक्षार्थियों को उपलब्धियों के क्रम में श्रेणीबद्ध करना

(4) शिक्षार्थी के भाषा के मजबूत और कमजोर बिंदु

**96.** निपुणता परीक्षण सदैव किसका आकलन करते हैं ?

(1) भाषा का वह स्तर जहाँ तक विद्यार्थियों की पहुँच बन गयी है

(2) विद्यार्थियों को पढ़ायी गयी भाषा

(3) बहुसंवेदी अधिगम अनुभव

(4) दैनिक वार्तालाप की भाषा

**97.** एक अध्यापक ने विद्यार्थियों को समूहों में विभाजित किया और हाथियों पर कहानी पढ़ने से पहले उनके बारे में आयोजित प्रश्नोत्तरी में भाग लेने के लिए कहा । यहाँ पर अध्यापक का क्या मन्तव्य है ?

(1) टॉपिक के प्रति रुचि पैदा करना

(2) सहपाठी पृष्ठपोषण

(3) पाठ्य-वस्तु की समीक्षा लिखना

(4) उनकी स्मृति का परीक्षण करना

**98.** भाषा की कक्षा में एक विद्यार्थी अवरोध पैदा कर रहा है । इस विद्यार्थी के साथ किस तरह का व्यवहार किया जाना चाहिए ?

(1) बच्चों को समाधान खोजने के लिए कहना चाहिए ।

(2) उद्यमी विद्यार्थियों पर ध्यान देना चाहिए ।

(3) समाधान खोजने के लिए अभिभावकों पर निर्भर रहना चाहिए ।

(4) विद्यालय प्रशासन को इस विद्यार्थी के बारे में बताना चाहिए ।

**99.** विद्यार्थी किसी विचार बिन्दु पर मानस-मंथन करते हैं, संयोजन करते हैं, प्रारूपण करते हैं, संपादन करते हैं और अन्तत: अपने कार्य की पुनरावृत्ति भी करते हैं ।

इस प्रक्रिया द्वारा कौन-सा कौशल प्रतिबिम्बित होता है ?

(1) पठन कौशल

(2) वाचन कौशल

(3) लेखन कौशल

(4) श्रवण कौशल

**100.** निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए :

*अभिकथन (A) :*

पठन और लेखन कौशल प्राथमिक स्तर पर समालोचनात्मक चिंतन में मदद करते हैं ।

*तर्क (R) :*

समालोचनात्मक चिंतन, पठन और लेखन का उप-कौशल है ।

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है ।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(3) (A) ग़लत है, परन्तु (R) सही है ।

(4) (A) सही है, परन्तु (R) ग़लत है ।

**101.** भाषायी कौशल सीखने का सर्वाधिक उपयुक्त तरीका है :

(1) चुनौतीपूर्ण और यान्त्रिक भाषा ड्रिलों की मदद से

(2) एक समय पर एक ही कौशल पर ध्यान केन्द्रित करके

(3) समावेशित युक्तियों के माध्यम से

(4) केवल लिखित परीक्षा और प्रदत्त कार्यों द्वारा

**102.** विद्यार्थियों ने वर्णनात्मक कौशल का प्रयोग करना सीखा है या नहीं, इस बात का आकलन करने के लिए अध्यापक को विद्यार्थियों को क्या करने के लिए कहना चाहिए ?

(1) एक ऐसी घटना साझा करो जब उन्हें बहुत अचंभा हुआ हो ।

(2) पाठ्य-वस्तु में आए क्रिया और विशेषण शब्दों पर गोल घेरा लगाओ ।

(3) वर्णन करने वाले शब्दों के प्रयोग में हुई ग़लतियों को सही करो ।

(4) कहानी पढ़ो और बोध आधारित प्रश्नों के उत्तर दो ।

**103.** कक्षा VII की अध्यापिका निर्धारित पाठ्य-पुस्तकों के अलावा अन्य पुस्तकों के पठन को सुलभ कर रही है । वह किस तरह के पठन को समुन्नत कर रही है ?

(1) गहन (इंटेंसिव) पठन
(2) साझा पठन
(3) विस्तृत (एक्सटेंसिव) पठन
(4) निर्देशित पठन

**104.** प्रधान अध्यापिका ने भाषा अध्यापक को नए सत्र के लिए पाठ्य-पुस्तकों तथा अन्य संसाधनों का चयन करने के लिए कहा । इनका चयन करते समय, निम्नलिखित में से एक प्रासंगिक ***नहीं*** है :

(1) पुस्तकों और संसाधनों की अनुकूलनता
(2) बच्चों की अधिगम आवश्यकताएँ और उन्हें आने वाली भाषाएँ
(3) विद्यार्थियों का स्तर
(4) सामग्री की अवधारणात्मक जटिलता और गहनता

**105.** अध्यापक ने शिक्षार्थियों द्वारा भाषा सामग्री के प्रयोग का निरीक्षण करने के लिए मानदण्ड निर्धारित किए । सामग्री के प्रयोग का निरीक्षण करने के लिए कौन-सा मानदण्ड सर्वाधिक रूप से महत्त्वपूर्ण और सहायक है ?

(1) सामग्री की उपलब्धता, तैयारी और अभ्यास
(2) उपयोग, दोहराव और अभिव्यक्ति
(3) अवलोकन, पृष्ठपोषण सत्र और लिखित रिपोर्ट
(4) चैक लिस्ट, पूर्वानुमान और अधिगम प्रतिफल

***निर्देश :*** *निम्नलिखित कविता को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्र.सं. 106 से 111) में* ***सही / सबसे उपयुक्त*** *उत्तर वाले विकल्प को चुनिए ।*

जिन्हें सपने अपने पाने हैं
बन जाते वे तो दीवाने हैं
गर लक्ष्य जो साधा है तूने
उसे पाने की कोशिश तू कर
चल आगे बढ़, तूफ़ानों से न डर ।
चल कश्ती उठा, सागर में उतर ।
है रात अँधेरी फ़िक्र है क्या
एक दिन आएगी अपनी सहर
चल कश्ती उठा, सागर में उतर ।

**106.** कविता के अनुसार अपने स्वप्नों को पूर्ण करने के लिए आवश्यक है :

(1) निष्ठा एवं इच्छा शक्ति होना ।
(2) अनुकूल परिस्थितियाँ होना ।
(3) स्वप्न देख पाना ।
(4) धन-संपदा का होना ।

**107.** जीवन में सुख-दुख, आशा-निराशा की स्थिति :

(1) मानव को हरा देती है ।
(2) सदैव नहीं रहती ।
(3) मानव को सशक्त बनाती है ।
(4) सदैव बनी रहती है ।

**108.** 'सहर' का अर्थ है :

(1) सुबह
(2) रात
(3) शाम
(4) निराशा

**109.** कविता की कौन-सी पंक्ति मनुष्य के मनोबल को बढ़ाती है ?

(1) गर लक्ष्य जो साधा है तूने ।
(2) जिन्हें सपने अपने पाने हैं ।
(3) एक दिन आएगी अपनी सहर ।
(4) चल कश्ती उठा, सागर में उतर ।

**110.** कविता के मुख्य स्वर के रूप में कौन-सा वाक्यांश उचित है ?

(1) जो साधा है तूने
(2) सागर में उतर
(3) एक दिन आएगी
(4) है रात अँधेरी

**111.** 'फ़िक्र' का समानार्थी शब्द है :

(1) चिता
(2) चुनौती
(3) चिंता
(4) डरना

*निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्र.सं. 112 से 120) में **सही / सबसे उपयुक्त** उत्तर वाले विकल्प को चुनिए ।*

कहते हैं मनुष्य ने नौ से दस हज़ार साल पहले बौद्धिक दृष्टिकोण की खोज की थी । वह भक्ति मार्ग था । मानव इतिहास के इस दौर के लोग सबसे बुद्धिमान थे । मैंने पहले ही कहा है कि आध्यात्मिक दुनिया का महत्त्व बहुत अधिक है । फिर भी सापेक्ष दुनिया पूरी तरह से महत्त्वहीन नहीं है । जब सुदूर अतीत में मनुष्यों ने महसूस किया कि कर्म योग और ज्ञान योग उन्हें सच्ची प्रगति प्राप्त करने में मदद नहीं करेंगे, तो उन्होंने तुरंत भक्ति योग को अपना लिया ।

उन्होंने अनुभव किया कि भक्ति ही उनके लिए एकमात्र मार्ग है । मनुष्य आज अपने विकसित कर्म और ज्ञान योग के कारण और भी आगे बढ़ गया है । इस प्रकार अपने पूर्वजों की तुलना में वह भक्ति के मार्ग पर चलने की आवश्यकता को अधिक तेज़ी से महसूस करेगा । यह कर्म और ज्ञान योग का उज्ज्वल पक्ष है । यानी ये दोनों योग भक्ति मार्ग को और मज़बूत करेंगे ।

**112.** '<u>इस दौर के लोग</u> सबसे बुद्धिमान थे ।' वाक्य के रेखांकित अंश में किस दौर के लोगों की चर्चा की गई है ?
(1) बौद्धिक दृष्टिकोण खोजने वाले धनी लोगों की ।
(2) मानव इतिहास में नाम दर्ज करवाने वाले लोगों की ।
(3) नौ-दस हज़ार वर्ष पूर्व के लोगों की ।
(4) मानव इतिहास में लक्ष्य प्राप्त करने वाले लोगों की ।

**113.** भक्ति योग का महत्त्व है :
(1) वास्तविक प्रगति की प्राप्ति में
(2) ज्ञान योग की प्रगति में
(3) सापेक्ष दुनिया की प्राप्ति में
(4) कर्म योग की प्रगति में

**114.** ________ एवं ________ योग भक्ति मार्ग को सशक्त करेंगे ।
(1) भक्ति योग, ज्ञान योग
(2) कर्म योग, भक्ति योग
(3) ज्ञान योग, राज योग
(4) कर्म योग, ज्ञान योग

**115.** गद्यांश के आधार पर कहा जा सकता है कि मानव जीवन में ________ का महत्त्व सर्वाधिक है ।
(1) कर्म योग
(2) ज्ञान योग
(3) आध्यात्मिकता
(4) बौद्धिक दृष्टिकोण

**116.** मानव जीवन के लिए एकमात्र मार्ग है :
(1) भक्ति का
(2) ज्ञान का
(3) राज का
(4) कर्म का

**117.** मनुष्य के पूर्वजों ने किस चीज़ की आवश्यकता को ***नहीं*** समझा था ?
(1) ज्ञान मार्ग की
(2) भक्ति मार्ग की
(3) कर्म मार्ग की
(4) मानसिक विकास की

**118.** विशेषण-विशेष्य का उदाहरण है :
(1) सबसे बुद्धिमान
(2) उज्ज्वल पक्ष
(3) मानव इतिहास
(4) अधिक तेज़ी

**119.** 'सापेक्ष' का विलोम शब्द है :
(1) निरापेक्ष
(2) असापेक्ष
(3) निरपेक्ष
(4) अनापेक्ष

**120.** समूह से भिन्न शब्द है :
(1) साल
(2) मदद
(3) तेज़ी
(4) कर्म

Candidates should answer questions from the following Part only if they have opted for ENGLISH as LANGUAGE – II.

परीक्षार्थी निम्नलिखित भाग के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा – II** का विकल्प **अंग्रेज़ी** चुना हो ।

# PART V
# LANGUAGE II
# ENGLISH

***Directions :*** *Answer the following questions by selecting the* ***correct / most appropriate*** *option.*

**121.** Which one of the following is ***not*** a classroom resource for learners in teaching-learning of language ?

(1) Classroom library
(2) Reading corner
(3) Classroom procedures
(4) Word wall

**122.** Read the following statements and choose the correct option :

*Assertion (A) :*
A plan for individualised learning must be created by a language teacher.

*Reason (R) :*
There is diversity in learners in the learning of new languages.

(1) (A) is true, but (R) is false.
(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).
(3) (A) is false, but (R) is true.
(4) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

**123.** In which method does the learners' first language play a central role in teaching ?

(1) Communicative language teaching method
(2) Grammar-Translation method
(3) Task-based learning
(4) Direct method

**124.** Chetan's first language was Bhojpuri. Since arriving in Tamil Nadu, he no longer speaks Bhojpuri and only speaks English with the natives. When the new second language replaces the native language, this is an example of :

(1) Code-mixing
(2) Subtractive bilingualism
(3) Code-switching
(4) Bilingualism

**125.** Which of the following supports a pre-reading activity ?

(1) Asking learners to summarise the text
(2) Using a prediction task
(3) Teaching grammatical structures
(4) Using paraphrasing tasks

**126.** Which of the following is true about remedial teaching ?

(1) Providing support to improve performance
(2) Showing sympathy to backward students
(3) Providing extra marks to improve performance
(4) Giving extra attention to gifted children

**127.** Read the following statements and choose the correct option :

*Assertion (A) :*
English is an associate official language in India.

*Reason (R) :*
English is taught as a foreign language in Indian schools.

(1) (A) is true, but (R) is false.
(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).
(3) (A) is false, but (R) is true.
(4) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

**128.** Which one of the following is ***not*** a characteristic of a language ?

(1) Language is symbolic.
(2) Language is static.
(3) Language is social.
(4) Language is systematic.

**129.** Read the following statements and choose the correct option :

*Assertion (A) :*

Prompting students to recall previous knowledge is important.

*Reason (R) :*

Recalling the previous knowledge helps students connect the known knowledge to the new knowledge.

(1) (A) is true, but (R) is false.
(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).
(3) (A) is false, but (R) is true.
(4) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

**130.** A teacher of Class VIII asked her learners to produce a leaflet about saving energy at home as an assignment. This task will cater to which feature of language ?

(1) Question forms
(2) Positive imperatives
(3) Comparative
(4) The past tense

**131.** While planning a lesson, one of the objectives is to enable learners to produce typical business communication with customers. This objective matches with one of the types of text genres listed below :

(1) Report
(2) Description
(3) Article
(4) Letter

**132.** A teacher asked students to look at the four musical instruments in the picture, and discuss why they are used in different musical contexts. Choose the cognitive skill that matches this activity :

(1) Analyzing
(2) Composing
(3) Reasoning
(4) Imagining

**133.** When monolingual speakers move from formal to informal modes of speech within the same spoken or gestured idea, they are engaging in :

(1) Code-mixing
(2) Code-switching
(3) Dialects
(4) Sociolinguistics

**134.** Children's informal interactions, friendships and relationships with others in their community are based on their use of which form of language ?

(1) Accommodation
(2) Assimilation
(3) Language socialization
(4) Enculturation

**135.** In the case of vocabulary use, grammar provides a pathway for learners to :

(1) combine lexical items into meaningful and communicative expressions.
(2) re-tell listening inputs into oral output.
(3) draft formal pieces of writing in higher classes.
(4) speak in formal situations with greater accuracy and confidence.

***Directions :*** *Read the passage given below and answer the questions (Q. Nos. 136 to 142) that follow by selecting the* ***correct/most appropriate*** *option.*

"Let's go! We are going to be late!" shouted Glen gleefully as he tightened his schoolbag on his back. Three other faces broke into a smile upon hearing his words. They could not wait to soak their feet in the water and perhaps catch a small fish or two, just for kicks. They were clearly not heading towards where they should be — school. The cold imposing white building became smaller and smaller. Their little hearts grew braver by the minute. They knew exactly where to go.

The canal was huge but that morning, there was only a small lazy stream of dirty water in it. With great gusto, Glen, the leader of the pack, hoisted himself over the railings and climbed down the huge monsoon drain. In the process, he got himself very dirty, but the excitement of truancy was too great to be bothered by some loose buttons and tears in his shirt.

In a fraction of seconds, the other boys joined him. Soon, screams and laughter of delight reverberated into the air but no one else could hear them for they had chosen a canal that was far from anyone. Glen spied many tiny fish darting to and fro in the murky water. They had no economical value and were practically worthless but nevertheless, the thrill of catching them bare-handed was priceless. Glen raced after an extra fat one. He plunged his hands to grab it only to have it slip between the cracks of his fingers.

**136.** How many boys had missed school to go fishing to the canal that day ?

(1) Four
(2) Five
(3) Three
(4) Two

**137.** The word 'lazy' in the phrase 'a small lazy stream of dirty water' means :

(1) tired
(2) slow
(3) lethargic
(4) murky

**138.** Why did the boys' hearts grow braver by the minute ?

(1) They were excited to have missed school.
(2) They knew exactly where they were headed.
(3) They knew that their teachers couldn't find them.
(4) They could no longer see the school building.

**139.** Where should the boys have been at that time of the day ?

(1) At home
(2) At school
(3) Playing with friends
(4) By the canal

**140.** Arrange these sentences as per the sequence in which they occur in the passage :

A. Glen climbed down the huge monsoon drain.
B. Soon, his friends joined Glen at the canal.
C. Glen climbed over the railings with excitement.
D. The boys caught fish in the dirty water.

(1) C → A → B → D
(2) D → C → B → A
(3) B → A → D → C
(4) A → C → D → B

**141.** Identify the underlined words (parts of speech) in the sentence given below :

Glen spied many tiny fish darting to and fro in the murky water.

(1) adverb, adjective
(2) verb, noun
(3) verb, adjective
(4) adverb, noun

**142.** Complete the word analogy :

imposing : impressive :: truancy : ?

(1) foolhardiness
(2) absenteeism
(3) lying
(4) play-acting

***Directions :*** *Read the passage given below and answer the questions (Q. Nos. 143 to 150) that follow by selecting the* ***correct/most appropriate*** *option.*

**Reach Out!** is an organization that runs week-long summer camps, designed to give young people the skills to be the leaders of the future. The camps help to create confident young people who wish to improve not only themselves, but the world around them. Varying in age from 12 to 17, young people come to attend the camps in Canada and the USA from across the world. They spend their time learning leadership skills, considering and discussing important issues such as pollution and health, and helping in the local community. They also meet many other people who have the same interests and beliefs and frequently make friendships that will last a lifetime.

There is no average day at the camp and changes are made to the timetable, which is handed out daily, to allow room for exciting events as they come up. However, camp members generally get up at 7:00 a.m. and, once they've eaten breakfast, start their day with outdoor games to get them warmed up for the busy day ahead. There are workshops in the morning on skills such as public speaking, and then there's an hour for lunch at noon. For one hour in the afternoon, camp members have the opportunity to select from various activities that include dancing, yoga, basketball and song writing.

During the time at camp, there is a day known as Action Day. This is when small groups go out with an adult group leader to work with organisations in the neighbourhood.... **Reach Out!** This can involve organisations dealing with housing, journalism, healthcare or the environment, to name just a few. Evenings are spent watching documentary films or listening to guest speakers. The aim is to encourage the young people to go out and make the world a better place.

**143.** Read the following statements and choose the correct option :

A. Reach Out! camps are week-long summer camps that are organized all across the world.

B. Young people in the age group of 12 – 17 years attend these camps.

C. These young people come to learn leadership skills.

(1) B and C are correct, A is incorrect.
(2) A and C are incorrect, B is correct.
(3) A and B are correct, C is incorrect.
(4) A, B and C are all correct.

**144.** Why do young people from all over the world come to these camps ?

(1) For fun and friendships
(2) To improve themselves and the world around them
(3) To while away their time
(4) To improve their leadership skills only

**145.** To prepare themselves and get warmed up for the busy day ahead, the young people :

(1) get up as early as 7 a.m.
(2) eat a heavy breakfast.
(3) partake in some outdoor games.
(4) attend workshops.

**146.** In the afternoon, which of the following activities can camp members ***not*** select ?

(1) Basketball and songwriting
(2) Yoga and public speaking
(3) Dancing and yoga
(4) Basketball and dancing

**147.** The camps are justifiably named 'Reach Out!' because :

(1) members are encouraged to collaborate with neighbourhood organizations.
(2) young people find it exciting to reach the camping site.
(3) they are action packed throughout the day.
(4) young people work under group leaders.

**148.** All the seven days at the camp are :

(1) planned in a way to collaborate with local organizations.
(2) action days.
(3) tiring and average.
(4) not the same routine-wise.

**149.** Identify the underlined words (parts of speech) in the sentence given below :

They <u>also</u> meet many other people who have the same <u>interests</u> and beliefs.

(1) adverb, noun
(2) adverb, adjective
(3) conjunction, verb
(4) preposition, noun

**150.** Complete the word analogy :

confident : shy :: average : ?

(1) similar
(2) below par
(3) extraordinary
(4) understated

Candidates should answer questions from the following Part only if they have opted for HINDI as LANGUAGE – II.

परीक्षार्थी निम्नलिखित भाग के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा – II** का विकल्प **हिंदी** चुना हो ।

# भाग V
## भाषा II
## हिंदी

*निर्देश : नीचे दिए गए प्रश्नों के लिए **सही/सबसे उपयुक्त** विकल्प चुनिए ।*

**121.** शिक्षार्थियों के लिए भाषा शिक्षण-अधिगम के लिए कौन-सा कक्षायी संसाधन ***नहीं*** है ?

(1) कक्षा पुस्तकालय

(2) पठन कोना

(3) कक्षायी प्रक्रियाएँ

(4) शब्द दीवार

**122.** निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए :

*अभिकथन (A) :*

भाषा अध्यापक द्वारा व्यक्तिपरक अधिगम की योजना तैयार की जानी चाहिए ।

*तर्क (R) :*

नयी भाषाओं के अधिगम से शिक्षार्थियों में विविधता होती है ।

(1) (A) सही है, परन्तु (R) ग़लत है ।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है ।

(3) (A) ग़लत है, परन्तु (R) सही है ।

(4) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।

**123.** किस विधि में शिक्षार्थी की प्रथम भाषा शिक्षण में केन्द्रीय भूमिका निभाती है ?

(1) सम्प्रेषणात्मक भाषा शिक्षण विधि

(2) व्याकरण-अनुवाद विधि

(3) कार्य-आधारित अधिगम

(4) प्रत्यक्ष (डायरेक्ट) विधि

**124.** चेतन की प्रथम भाषा भोजपुरी है । वह तमिलनाडु गया, अब वह भोजपुरी नहीं बोलता है और अपने साथियों से केवल अंग्रेज़ी में ही बोलता है । जब नई द्वितीय भाषा प्रथम भाषा का स्थान लेती है, तो यह स्थिति किस बात की द्योतक है ?

(1) कोड मिक्सिंग

(2) ऋणात्मक द्विभाषावाद

(3) कोड स्विचिंग

(4) द्विभाषावाद

**125.** निम्नलिखित में से कौन-सा पठन-पूर्व गतिविधि को समर्थित करता है ?

(1) शिक्षार्थी को कार्य का सारांशीकरण करने को कहना

(2) अनुमान लगाने से संबंधी कार्य का प्रयोग

(3) व्याकरणिक संरचनाओं का शिक्षण

(4) भावानुवाद संबंधी कार्यों का प्रयोग

**126.** उपचारात्मक शिक्षण के बारे में कौन-सा सही है ?

(1) प्रदर्शन/उपलब्धि सुधार हेतु मदद देना

(2) पिछड़े विद्यार्थियों के साथ सहानुभूति दर्शाना

(3) उपलब्धि में सुधार हेतु अतिरिक्त अंक देना

(4) मेधावी बच्चों को अतिरिक्त ध्यान देना

**127.** निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए :

*अभिकथन (A) :*

अंग्रेज़ी भारत में एक सह-राजकीय भाषा है ।

*तर्क (R) :*

भारतीय विद्यालयों में अंग्रेज़ी को विदेशी भाषा की तरह पढ़ाया जाता है ।

(1) (A) सही है, परन्तु (R) ग़लत है ।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है ।

(3) (A) ग़लत है, परन्तु (R) सही है ।

(4) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।

**128.** निम्नलिखित में से कौन-सी भाषा की विशेषता ***नहीं*** है ?

(1) भाषा सांकेतिक है ।

(2) भाषा स्थिर है ।

(3) भाषा सामाजिक है ।

(4) भाषा व्यवस्थित है ।

**129.** निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए :

*अभिकथन (A) :*

पहले के ज्ञान के प्रत्यास्मरण के लिए विद्यार्थियों को संकेत देना महत्त्वपूर्ण है ।

*तर्क (R) :*

पहले के ज्ञान के प्रत्यास्मरण से विद्यार्थियों को जानी गई भाषा से नई भाषा में सम्बद्धता स्थापित करने में मदद मिलती है ।

(1) (A) सही है, परन्तु (R) ग़लत है ।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है ।

(3) (A) ग़लत है, परन्तु (R) सही है ।

(4) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।

**130.** कक्षा VIII की अध्यापिका ने अपने विद्यार्थियों को प्रदत्त कार्य के रूप में घर में ऊर्जा बचत से संबंधित एक लीफ़लेट बनाने के लिए कहा । यह कार्य भाषा की किस विशेषता को पोषित करेगा ?

(1) प्रश्न स्वरूप

(2) सकारात्मक आदेशसूचक

(3) तुलनात्मक

(4) भूतकाल

**131.** एक पाठ योजना बनाते समय उसका उद्देश्य निश्चित किया गया कि विद्यार्थियों को यह सिखाया जाए कि ग्राहकों के साथ विशिष्ट व्यापार संबंधी सम्प्रेषण कैसे किया जाए । यह उद्देश्य नीचे दी गई किस विधा से मेल खाता है ?

(1) रिपोर्ट

(2) वर्णन

(3) आलेख (आर्टिकल)

(4) पत्र

**132.** एक अध्यापक ने अपने विद्यार्थियों को एक चित्र में चार वाद्य यंत्र देखने के लिए कहा, आगे यह कहा कि आपस में चर्चा करो कि विभिन्न संगीत समारोहों में इनका प्रयोग क्यों किया जाता है । उस संज्ञानात्मक कौशल का चयन कीजिए जो इस गतिविधि से मेल खाता है :

(1) विश्लेषण करना

(2) सृजित करना

(3) तर्क देना

(4) कल्पना करना

**133.** जब एकल भाषी वक्ता एकसमान बोले गए या हाव-भाव वाले विचार के भीतर वाक् की औपचारिक से अनौपचारिक स्थिति में जाते हैं, तो वे किसमें संलग्न हैं ?

(1) कोड मिश्रण

(2) कोड परिवर्तन

(3) बोलियाँ

(4) सामाजिक भाषा-विज्ञान

**134.** बच्चों के अपने समुदाय में दूसरों के साथ अनौपचारिक अन्त:क्रियाएँ, मित्रता और संबंध बनाना भाषा के किस स्वरूप के प्रयोग पर आधारित होते हैं ?

(1) अनुकूलन

(2) आत्मसात्करण (एसीमिलेशन)

(3) भाषा सामाजीकरण

(4) सांस्कृतिकरण (एनकल्चरेशन)

**135.** शब्दावली के प्रयोग के संबंध में व्याकरण शिक्षार्थियों को क्या करने की दृष्टि प्रदान करता है ?

(1) शब्दकोशीय बिन्दु को अर्थपूर्ण और सम्प्रेषणात्मक अभिव्यक्ति में जोड़ पाना

(2) सुनी गई बातों को मौखिक रूप से कह पाना

(3) उच्चतर कक्षाओं में औपचारिक लेखन के प्रारूप तैयार करना

(4) औपचारिक स्थितियों में वृहत्तर सटीकता और विश्वास के साथ बात करना

***निर्देश :*** *निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्र.सं. 136 से 142) में **सही / सबसे उपयुक्त** उत्तर वाले विकल्प को चुनिए ।*

दिन भर हमारा प्राण गहरे से बहना चाहिए । यदि पेट के नीचे कंद स्थान से प्राण का बहना सुनिश्चित कर लिया जाए तो यह हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा होता है । लेकिन अधिकतर हमारा प्राण छाती से शुरू करके छोटी सी यात्रा करके रह जाता है । उसका गहरे से बहना नहीं हो पाता । यदि हम दिन में जब भी याद आए, तभी अपने प्राण को धीमा और गहरा भरना शुरू कर दें तो ख़ुद को ऊर्जावान, प्राणवान, शक्तिवान और शांत स्वभाव का अनुभव करने लगेंगे । हमारे भीतर धैर्य और रचनात्मकता बढ़ने लगेगी । मन का तनाव समाप्त हो जाएगा । भय, घबराहट से मुक्ति मिल जाएगी । साथ ही यह अभ्यास ध्यान की गहराइयों में ले जाने में भी सहायक होगा ।

**136.** प्राण __________ से बहना चाहिए ।

(1) तीव्र गति

(2) धीमी गति

(3) मंद-मंद रूप

(4) गहराई

**137.** ऊर्जावान, शक्तिवान और शांत स्वभाव का बनने के लिए आवश्यक है :

(1) प्राण वायु का धीमा और नीचे बहना ।

(2) प्राण वायु का गहराई और देर तक बहना ।

(3) प्राण वायु का धीमा और गहराई से बहना ।

(4) प्राण वायु का तेज़ और गहराई से बहना ।

**138.** यदि प्राण वायु व्यवस्थित रूप से बहता है तो क्या ***नहीं*** होगा ?

(1) भय से मुक्ति मिलना ।

(2) रचनात्मकता का विकास होना ।

(3) घबराहट में वृद्धि होना ।

(4) मन का तनाव दूर होना ।

**139.** प्राण वायु का गहराई और धीमी गति से बहना __________ में सहायता करता है ।

(1) अभ्यासमुक्त होने

(2) ध्यान लगाने

(3) इच्छाएँ पूर्ण करने

(4) व्यापार बढ़ाने

**140.** मानव-जीवन में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है :

(1) योग

(2) ध्यान

(3) प्राण वायु

(4) अभ्यास

**141.** विशेषण शब्द है :

(1) धैर्य

(2) मन

(3) शांत

(4) घबराहट

**142.** 'सुनिश्चित' में उपसर्ग और मूल शब्द है :

(1) सुनिश्चि + त

(2) सु + निश्चित

(3) स + निश्चित

(4) सुनि + श्चित

***निर्देश :*** *निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्र.सं. 143 से 150) में **सही / सबसे उपयुक्त** उत्तर वाले विकल्प को चुनिए ।*

तरह-तरह के बदलाव हुए मशीनों के आने से । हमारी पीढ़ी ने तो मशीनों को इंसान से कंप्यूटर के हवाले होते देखा है । परिवर्तन सृष्टि का नियम है । आग की खोज ने जिंदगी बदली तो पहिये के आविष्कार ने सभ्यताओं को जन्म दिया । अभी चैट जी.पी.टी. और बॉर्ड जैसी कृत्रिम बुद्धिमत्ता/आर्टिफिशल इंटेलिजेंस या ए.आई. आधारित प्लैटफॉर्म आए हैं तो हाहाकार मच रहा है । समझना इतना है कि आर्टिफिशल इंटेलिजेंस और ह्यूमन इंटेलिजेंस के बीच का सबसे बड़ा फर्क मानवता का है । ए.आई. आने वाले वक्त में जो भी करने वाला है, वह आज के इंसान की सोच का प्रतिबिंब ही होगा ।

ऐसी आशंकाएँ कि वाइट कॉलर जॉब यानी इंजीनियर, आई.ए.एस., डॉक्टर, वकील, डिज़ाइनर और टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट्स की दुनिया सिमटने वाली है । स्कूल, कॉलेज, एग्ज़ाम, पर्चे, कोचिंग, अस्पताल, लैब और तकनीक से जुड़े हर तबके पर असर पड़ने वाला है । दुनिया भर में करीब तीस करोड़ लोगों की जॉब इससे प्रभावित होने वाली है । चैट जी.पी.टी. और इस जैसे दूसरे ए.आई. प्लैटफॉर्म की खासियत यह है कि आपके हर सवाल का जवाब ये सेकंड्स में दे सकते हैं । युवा विद्यार्थियों ने पढ़ाई में ए.आई. की मदद लेनी शुरू कर दी है । भविष्य की चिंताओं से जुड़े सबसे बड़े सवाल यहीं से पैदा होते नज़र आ रहे हैं । आखिर मेधा और मेधावियों को तय करने वाले इम्तेहान अब कैसे होंगे ? क्या शिक्षकों का ज्ञान ए.आई. का मुकाबला कर पाएगा ?

**143.** कृत्रिम बुद्धिमत्ता के कारण __________ पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है ।

(1) मेधा

(2) तकनीक

(3) कंप्यूटर

(4) विकास

**144.** युवा विद्यार्थियों ने पढ़ाई में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का सहयोग लेना शुरू किया । इसका कारण ***नहीं*** है :

(1) कम समय में अधिक ज्ञान मिल जाता है ।

(2) हर सवाल का जवाब मिलता है ।

(3) उसमें शिक्षक से अधिक संवेदनाएँ हैं ।

(4) सवालों के जवाब बहुत जल्दी मिलते हैं ।

**145.** गद्यांश के अनुसार शिक्षक वर्ग कृत्रिम बुद्धिमत्ता से :

(1) मानवीय गुणों में पिछड़ा हुआ है ।

(2) प्रतिस्पर्धा अधिक कर पाएगा ।

(3) अधिक ज्ञानी व मशीनी है ।

(4) प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाएगा ।

**146.** गद्यांश के आधार पर कहा जा सकता है कि :

(1) कृत्रिम बुद्धिमत्ता लोगों को रोज़गार दिलवाएगी ।

(2) कृत्रिम बुद्धिमत्ता के कारण मनुष्य-जीवन सुधर गया है ।

(3) कृत्रिम बुद्धिमत्ता भविष्य में मेधा को बढ़ावा देगी ।

(4) कृत्रिम बुद्धिमत्ता के कारण मानवीय संवेदनाएँ प्रभावित होंगी ।

**147.** गद्यांश के अनुसार कृत्रिम बुद्धिमत्ता में क्या ***नहीं*** है ?

(1) उत्तर

(2) मानवता

(3) ज्ञान

(4) तकनीक

**148.** कृत्रिम बुद्धिमत्ता से प्रभावित होने वाला तत्त्व ***नहीं*** है :

(1) नौकरी

(2) अस्पताल

(3) चैट जी.पी.टी.

(4) डिज़ाइनर

**149.** समूह से भिन्न शब्द है :

(1) मेधा

(2) एक्सपर्ट्स

(3) चैट जी.पी.टी.

(4) एग्ज़ाम

**150.** 'इत' प्रत्यय का उदाहरण वाला शब्द है :

(1) प्रभावित

(2) उपस्थित

(3) प्रत्येक

(4) निश्चित

## SPACE FOR ROUGH WORK

## रफ़ कार्य के लिए जगह

**READ THE FOLLOWING INSTRUCTIONS CAREFULLY :**

1. The manner in which the different questions are to be answered has been explained in the Test Booklet which you should read carefully before actually answering the questions.
2. Out of the four alternatives for each question, only one circle for the correct answer is to be darkened completely with **Blue/Black Ball Point Pen** on **Side-2** of the OMR Answer Sheet. The answer once marked is not liable to be changed.
3. The candidates should ensure that the Answer Sheet is not folded. Do not make any stray marks on the Answer Sheet. Do not write your Roll No. anywhere else except in the specified space in the Answer Sheet.
4. Handle the Test Booklet and Answer Sheet with care, as under no circumstances (except for discrepancy in Test Booklet Code or Number and Answer Sheet Code or Number), another set will be provided.
5. The candidates will write the correct Test Booklet Code and Number as given in the Test Booklet/Answer Sheet in the Attendance Sheet.
6. A machine will read the coded information in the OMR Answer Sheet. Hence, no information should be left incomplete and it should not be different from the information given in the Admit Card.
7. Candidates are not allowed to carry any textual material, printed or written, bits of papers, pager, mobile phone, electronic device or any other material except the Admit Card inside the Examination Hall/Room.
8. Mobile phones, wireless communication devices (even in switched off mode) and the other banned items should not be brought in the examination halls/rooms. Failing to comply with this instruction, will be considered as using unfair means in the examination and action will be taken against the candidate including cancellation of examination.
9. Each candidate must show on demand his / her Admit Card to the Invigilator.
10. No candidate, without special permission of the Centre Superintendent or Invigilator, should leave his / her seat.
11. The candidates should not leave the Examination Hall/Room without handing over their Answer Sheet to the Invigilator on duty and sign the Attendance Sheet twice. Cases where candidate has not signed the Attendance Sheet second time will be deemed not to have handed over the Answer Sheet and dealt with as an unfair means case. **The candidates are also required to put their left-hand THUMB impression in the space provided in the Attendance Sheet.**
12. Use of Electronic/Manual Calculator is prohibited.
13. The candidates are governed by all Rules and Regulations of the Examining Body with regard to their conduct in the Examination Hall/Room. All cases of unfair means will be dealt with as per Rules and Regulations of the Examining Body.
14. No part of the Test Booklet and Answer Sheet shall be detached under any circumstances.
15. **On completion of the test, the candidate must hand over the Answer Sheet to the Invigilator in the Room/Hall.** ***The candidates are allowed to take away this Test Booklet with them.***

**निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें :**

1. जिस प्रकार से विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए जाने हैं उसका वर्णन परीक्षा पुस्तिका में किया गया है, जिसे आप प्रश्नों का उत्तर देने से पहले ध्यान से पढ़ लें ।
2. प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर के लिए OMR उत्तर पत्र के **पृष्ठ-2** पर केवल एक वृत्त को ही पूरी तरह **नीले/काले बॉल पॉइन्ट पेन** से भरें । एक बार उत्तर अंकित करने के बाद उसे बदला नहीं जा सकता है ।
3. परीक्षार्थी सुनिश्चित करें कि इस उत्तर पत्र को मोड़ा न जाए एवं उस पर कोई अन्य निशान न लगाएँ । परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक उत्तर पत्र में निर्धारित स्थान के अतिरिक्त अन्यत्र न लिखें ।
4. परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर पत्र का ध्यानपूर्वक प्रयोग करें, क्योंकि किसी भी परिस्थिति में (केवल परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर पत्र के कोड या संख्या में भिन्नता की स्थिति को छोड़कर) दूसरी परीक्षा पुस्तिका उपलब्ध नहीं करायी जाएगी ।
5. परीक्षा पुस्तिका/उत्तर पत्र में दिए गए परीक्षा पुस्तिका कोड व संख्या को परीक्षार्थी सही तरीके से उपस्थिति-पत्र में लिखें ।
6. OMR उत्तर पत्र में कोडित जानकारी को एक मशीन पढ़ेगी । इसलिए कोई भी सूचना अधूरी न छोड़ें और यह प्रवेश पत्र में दी गई सूचना से भिन्न नहीं होनी चाहिए ।
7. परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा हॉल/कक्ष में प्रवेश पत्र के सिवाय किसी प्रकार की पाठ्य सामग्री, मुद्रित या हस्तलिखित, काग़ज़ की पर्चियाँ, पेजर, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या किसी अन्य प्रकार की सामग्री को ले जाने या उपयोग करने की अनुमति नहीं है ।
8. मोबाइल फोन, बेतार संचार युक्तियाँ (स्विच ऑफ अवस्था में भी) और अन्य प्रतिबंधित वस्तुएँ परीक्षा हॉल/कक्ष में नहीं लाई जानी चाहिए । इस सूचना का पालन न होने पर इसे परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग माना जाएगा और परीक्षार्थी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी, परीक्षा रद्द करने सहित ।
9. पूछे जाने पर प्रत्येक परीक्षार्थी, निरीक्षक को अपना प्रवेश-पत्र दिखाएँ ।
10. केन्द्र अधीक्षक या निरीक्षक की विशेष अनुमति के बिना कोई परीक्षार्थी अपना स्थान न छोड़ें ।
11. कार्यरत निरीक्षक को अपना उत्तर पत्र दिए बिना एवं उपस्थिति-पत्र पर दुबारा हस्ताक्षर किए बिना परीक्षार्थी परीक्षा हॉल/कक्ष नहीं छोड़ेंगे । यदि किसी परीक्षार्थी ने दूसरी बार उपस्थिति-पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए तो यह माना जाएगा कि उसने उत्तर पत्र नहीं लौटाया है और यह अनुचित साधन का मामला माना जाएगा । **परीक्षार्थी अपने बाएँ हाथ के अँगूठे का निशान उपस्थिति-पत्र में दिए गए स्थान पर अवश्य लगाएँ ।**
12. इलेक्ट्रॉनिक/हस्तचालित परिकलक का उपयोग वर्जित है ।
13. परीक्षा-हॉल/कक्ष में आचरण के लिए परीक्षार्थी परीक्षण संस्था के सभी नियमों एवं विनियमों द्वारा नियमित हैं । अनुचित साधनों के सभी मामलों का फैसला परीक्षण संस्था के नियमों एवं विनियमों के अनुसार होगा ।
14. किसी भी परिस्थिति में परीक्षा पुस्तिका और उत्तर पत्र का कोई भाग अलग न करें ।
15. **परीक्षा सम्पन्न होने पर, परीक्षार्थी कक्ष/हॉल छोड़ने से पूर्व उत्तर पत्र निरीक्षक को अवश्य सौंप दें ।** ***परीक्षार्थी अपने साथ इस परीक्षा पुस्तिका को ले जा सकते हैं ।***